BankexamsToday.com

# GK Digest Hindi September 2016

Ramandeep Singh

# अंतर्राष्ट्रीय

**अमेरिकी डाक विभाग ने भारत के लोकप्रिय पर्व 'दीपावली' पर डाक टिकट जारी करेगा**

अमेरिकी डाक विभाग ने भारत के लोकप्रिय पर्व 'दीपावली' पर डाक टिकट जारी करने की घोषणा की.

- इस स्मारक टिकट का औपचारिक रूप से 5 अक्तूबर 2016 को न्यूयॉर्क में अनावरण किया जाएगा.
- इससे यहां भारतीय मूल के 3 मिलियन अमेरिकी समुदाय की काफी समय से लंबित मांग पूरी होगी जो हर साल दिवाली मनाते हैं.
- इसमें चमकती हुई सुनहरी पृष्ठभूमि में जलते हुए एक परंपरागत दीये की तस्वीर होगी और "फॉरएवर यूएसए 2016" लिखा होगा.

**दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में दीपिका**

दुनिया की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की फोब्र्स 2016 की लिस्ट में भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का नाम शामिल हुआ है।

- इस लिस्ट में ऑस्कर विजेता जेनिफर लॉरेंस शीर्ष पर हैं जिनकी कमाई 46 मिलियन डॉलर रही।
- 33 मिलियन डॉलर की कमाई करने वाली 'घोस्टबस्टर्स' की अभिनेत्री मेलीसा मेक्कर्थी दूसरे स्थान पर हैं जबकि स्कारलेट जॉनसन तीसरे स्थान पर हैं।

**दुनिया के सबसे गहरे सागर में गोता लगाकर चीन की पनडुब्बी ने बनाया रिकॉर्ड**

चीन की मानवरहित पनडुब्बी ने दुनिया के सबसे गहरे सागर तल में 10,767 मीटर की गहराई में गोता लगाकर देश के लिए एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इस कदम से चीन खनिज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की सागर तल में तलाश करने में सक्षम हो सकेगा।

- पनडुब्बी ने पश्चिम प्रशांत महासागर के मारियाना गर्त में यह रिकॉर्ड बनाया है। यह दुनिया का सबसे गहरा महासागरीय क्षेत्र है।

**भारत, म्यांमार ने द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए**

भारत और म्यांमार ने दोनों देशों के बीच सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए चार समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

- 69 पुलों के निर्माण में सहयोग पर समझौता ज्ञापन
- कलेवा - याग्यीसड़क खंड के निर्माण / उन्नयन में सहयोग पर समझौता ज्ञापन
- अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन
- चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन

**भारत दुनिया के धनी देशों में सातवें स्थान पर**

न्यू वर्ल्ड वेल्थ की सूची के आधार पर भारत दुनिया के 10 शीर्ष धनी देशों में सातवें स्थान पर है. न्यू वर्ल्ड वेल्थ एक शोध कंपनी है जो वैश्विक संपदा सेक्टर पर नजर रखती है.

- भारत में कुल प्रति व्यक्ति धन का मूल्य 2015 में 3492 अरब डॉलर है जिसमें संपत्ति, नकदी, शेयर बाजार और व्यापारिक हित भी शामिल है।
- शीर्ष 5 देशों हैं: 1. अमेरिका 2. चीन 3. जापान 4. ब्रिटेन 5. जर्मनी

**नवंबर 2016 में दक्षेस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा पाकिस्तान**

पाकिस्तान 9-10 नवंबर को 19वें दक्षेस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

- दक्षेस शिखर सम्मेलन सेल का नेतृत्व राजदूत अमजद सियाल करेंगे।
- दक्षेस आठ दक्षिण एशियाई देशों का एक समूह है जिसका अर्थ है दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन।

**विश्व जोखिम सूचकांक में भारत 77वें स्थान पर**

विश्व जोखिम रिपोर्ट 2016 की विश्व जोखिम सूचकांक में भारत का 77वां स्थान है. इनमें शीर्ष पांच देशों में बांग्लादेश का नाम शामिल है, वहीँ पकिस्तान 72वें पायदान पर है.

- विश्व जोखिम रिपोर्ट 2016, जर्मनी में स्टुटगार्ट विश्वविद्यालय के तत्वाधान में संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय संस्थान पर्यावरण और मानव सुरक्षा (UNU-EHS) और Bundnis Entwicklung Hilft द्वारा जारी किया गया है।
- इस सूची में 171 देश शामिल हैं. सूची में वानुअतु अव्वल रहा।

**चीन में एक हजार से अधिक रोबोट ने एक साथ डांस कर बनाया विश्व रिकॉर्ड**

चीन में एक साथ नाचते सबसे अधिक रोबोट का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। यहां 1,007 रोबोट ने नाचकर यह रिकॉर्ड बनाया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने कहा कि क्विंगदाओ बीयर फेस्टिवल में 43.8 सेमी लंबी इन प्रत्येक डांसिंग मशीनों को महज एक मोबाइल फोन से नियंत्रित किया गया।

- कुछ रोबोट ने नाच नहीं दिखाया या गिर गए जिसके चलते उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। हालांकि ज्यादातर रोबोट ने 60 सेकंड का नृत्य पूरा किया।

**अमेरिका में पिज्जा एटीएम लांच**

विश्व में पहली बार एक यूनिवर्सिटी कैंपस में 'पिज्जा एटीएम' लगाया गया है। ओहियो में जेविअर यूनिवर्सिटी के कैंपस में पिज्जा वेंडिंग मशीन लगाई गई है।

- इस मशीन में 70 तरह के 12 इंच के पिज्जा हैं, और यह उन्हें सिर्फ तीन मिनट में ताजा और गर्म परोसती है।
- पिज्जा खाने के शौकीन लोग 24 घंटे चलने वाली टचस्क्रीन मशीन के जरिए अपनी पसंद के पिज्जा को चुन सकते हैं। पिज्जा एटीएम 10 अगस्त को लोगों के लिए खुलेगा।

**बिजनेस डेस्टिनेशन रैंकिंग में भारत 76 वें स्थान पर**

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा हाल ही में जारी बिजनेस डेस्टिनेशन रैंकिंग में भारत अपनी रैंक में सुधार करते हुए 76 वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत पिछले वर्ष इस रैंकिंग में 94वें स्थान पर था।

- पीएमओ में राज्य मंत्री जीतेन्द्र सिंह ने लोकसभा में यह जानकारी दी।

**दुनिया के 100 सबसे अमीर उद्यमियों में प्रेमजी, नाडार शामिल**

विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक शिव नाडार भारत के मात्र दो ऐसे अरबपति हैं, जिन्हें प्रौद्योगिकी क्षेत्र के फोर्ब्स की 100 सबसे अमीर उद्यमियों की लिस्ट में शामिल किया गया है।

- इन दिग्गजों ने गूगल प्रमुख एरिख श्मिट और उबर के सीईओ ट्रैविस कैलानिक से पहले शीर्ष 20 में जगह बनाई है।
- टेक्नोलॉजी सेक्टर के इन 100 सबसे अमीर उद्योगपतियों की लिस्ट में पहले पायदान पर माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स हैं, जिनके पास 78 अरब डॉलर की संपत्ति का अनुमान है।
- इस सूची में प्रेमजी का स्थान 13वां हैं, जिनके पास करीब 16 अरब डॉलर की संपत्ति है। नाडार 11.6 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ इस लिस्ट में 17वें स्थान पर रहे।

**भारत ने जिम्बाब्वे को 1 मिलियन डॉलर अनुदान दिया**

भारत ने एल नीनो प्रेरित सूखी आपदा के मद्देनजर जिम्बाब्वे के लिए 1 मिलियन डॉलर अनुदान उपलब्ध कराया है।

- विदेश मंत्रालय ने कहा, पिछले सप्ताह जिम्बाब्वे में भारत के राजदूत ने जिम्बाब्वे को सहायता अनुदान सौंप दिया।
- अनुदान को स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति के मुख्य सचिव डॉ मिशेक सिबांडा ने अपने देश द्वारा की गई अंतर्राष्ट्रीय अपील पर भारत द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद दिया।

**ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 66वें स्थान**

कॉर्नेल विश्वविद्यालय, इनसीड और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा जारी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में पिछले वर्ष की 81वीं रैंक में 15 स्थान का सुधार करते हुए भारत मध्य और दक्षिण एशिया के क्षेत्र में सबसे आगे 66वें स्थान पर रहा।

- स्विटजरलैंड, स्वीडन, यूके, यूएसए व फिनलैंड क्रमश प्रथम पांच स्थानों पर रहे जबकि सिंगापुर, आयरलैंड, डेनमार्क, नीदरलैंड व जर्मनी टॉप 10 में आने वाले अन्य देश रहे।

**चीन ने पहला क्वांटम उपग्रह लांच किया**

चीन ने दुनिया के पहले ''क्वांटम'' उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया। इस उपग्रह के बारे में कहा गया है कि इसमें सुरक्षा के विशेष उपाय किए गए हैं जिससे यह अंतरिक्ष और जमीन के बीच ''हैक प्रूफ'' संचार स्थापित कर सकेगा।

- इसे जिक्यूआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया। उपग्रह को ''मिसियस'' नाम दिया है।
- क्वांटम संचार में विशेष सुरक्षा व्यवस्था होती है क्योंकि क्वांटम फोटोन को न तो अलग किया जा सकता है न ही इसकी प्रतिकृति तैयार की जा सकती है।

**डब्ल्यूएचओ मानसिक विकार सूची से ट्रांसजेंडर्स को हटायेगा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन ट्रांसजेंडर्स को वर्गीकृत करने के अपने तरीके को बदलने पर विचार कर रहा है।

- दरअसल शोधकर्ताओं और वकीलों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से मानसिक विकार सूची से ट्रांसजेंडर्स को हटाने की मांग की है।
- मेक्सिको में राष्ट्रीय मनोरोग संस्थान ने इस बारे में शोध किया था।

**चीन ने पहला मोबाइल दूरसंचार उपग्रह लांच किया**

चीन ने मोबाइल दूरसंचार के लिए पहला उपग्रह सफलतापूर्व लांच किया। चीन के शिचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्ग मार्च-3बी रॉकेट के जरिये तिआनतोंग-01 उपग्रह को लांच किया गया।

- यह चीन के स्वदेशी निर्मित उपग्रह मोबाइल दूरसंचार प्रणाली का प्रथम स्वदेशी उपग्रह और देश के अंतरिक्ष सूचना अवसंरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- तिआनतोंग-01 को चाइना अकादमी ऑफ स्पेस टेक्नॉलोजी ने डिजाइन किया है और इसकी ग्राउंड सेवा चीन दूरसंचार द्वारा संचालित होंगी।

**दुबई में टैक्सी केरल पर्यटन को बढ़ावा देगी**

केरल पर्यटन ने दुबई में टैक्सियों पर एक अनोखा प्रचार अभियान चलाया है। इस नए तरीके के प्रचार अभियानों के तहत शहरों में चलने वाली टैक्सियों पर राज्य के झरनों और बैकवॉटर (समुद्री पानी की झीलों) आदि की तस्वीरों को प्रदर्शित कर प्रचार किया जा रहा है ताकि अरब देशों से आने वाले पर्यटकों को राज्य में आकर्षित किया जा सके।

- लगभग 200 टैक्सियों पर केरल की ब्रांडिंग की जा रही है। इस प्रचार अभियान की टैग लाइन 'ए फारअवे लैंड, फोर आउर्ज़ अवे' (चार घंटे में सुदूर क्षेत्र पहुंचें) है। इसमें राज्य के झरनों, पहाड़ी क्षेत्रों, बांध या जलाशयों और आयुर्वेद पद्धतियों को दुबई की सडकों पर टैक्सियों के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा है।
- यह प्रचार अभियान पूर्व में मुंबई मेट्रो और लंदन की टैक्सियों पर चलाए गए ऐसे ही अभियानों की सफलता को देखते हुए चलाया गया है। यह अभियान 15 अगस्त तक जारी रहेगा।

**मिस्र में पहली बार किया गया कथकली नृत्य का प्रदर्शन**

नृत्य की अपनी विशेष शैली के साथ कथकली नृत्य मंडली ने अपने पहले मिस्र दौरे पर अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन किया।

- मिस्र में इस नौ-सदस्यीय कथकली नृत्य मंडली की यात्रा, बिबलीओथेका अलेक्जेंड्रिना द्वारा आयोजित 14वें समर फेस्टिवल का एक हिस्सा थी।
- मंडली पोर्ट सईद, इस्माइलिया और काहिरा समेत कई अन्य शहरों में भी अपने प्रदर्शन करेगी।

**चीन ने खुद की बनाई बुलेट ट्रेन का शुरु किया संचालन**

चीन ने खुद की बनाई तेज रफ्तार बुलेट ट्रेन का संचालन शुरू किया है। इस ट्रेन की स्पीड 350 किमी प्रति घंटे बताई जा रही है।

- चीन रेलवे कॉरपोरेशन ने बताया कि ट्रेन नंबर जी8041 डालियान से शेनयांग के बीच संचालित की जा रही है, जो पूर्वोत्तर चीन के लियाओनिंग की राजधानी है।

**भारत और बांग्लादेश 1971 के युद्ध और शेख मुजीब पर संयुक्त रूप से फिल्म बनाएंगे**

1971 के बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम पर आधारित वृत्तचित्र का निर्माण भारत और बांग्लादेश संयुक्त रूप से करेंगे।

- साल 2020 में बांग्लादेश के राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की 100वीं जयंती के मौके पर एक "बड़ी फिल्म" के निर्माण में भी भारत सहयोग देगा।

**चीन में दुनिया का सबसे लंबा और बड़ा शीशे का पुल खुला**

चीन के हुनान प्रांत में विश्व का सबसे लंबा और बड़ा शीशे का पुल सैलानियों के लिए खुल गया है।

- इस पुल को जमीन से 300 मीटर ऊपर दो चट्टानों के बीच बनाया गया है।

- पुल ने अपने अद्भुत डिजाइन और निर्माण की वजह से विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं।

**हाई स्पीड ट्रेन बनाने वाली चीनी कंपनी ने भारत में शुरू किया काम**

हाई स्पीड ट्रेन बनाने वाली चीन की सबसे बड़ी कंपनी ने कहा है कि उसने 63.4 मिलियन डॉलर वाले अपने जॉइंट वेंचर से भारत में काम शुरू कर दिया है। कंपनी यहां रेलवे लोकोमोटिव इंजन बनाएगी और इन्हें रिपेयर भी करेगी।

- सीआरसीसी पायनियर (इंडिया) इलेक्ट्रिक कंपनी लिमिटेड के नाम वाले इस जॉइंट वेंचर का दफ्तर हरियाणा में है।
- 64.3 मिलियन डॉलर की लागत से प्लांट लगाया है जिसमें 51 प्रतिशत शेयर चीनी कंपनी के पास हैं।

**नेपाल में स्कूल के विकास के लिये 39.97 मिलियन देगा भारत**

पूर्वी नेपाल स्थित संस्कृत स्कूल के भवन निर्माण व हॉस्टल सुविधा के लिये भारत ने 39.97 मिलियन नेपाली रूपये की वित्तिय सहायता की घोषणा की है।

- यह परियोजना भारत सरकार के लघू विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान सहायता के तहत कार्यान्वित की जायेगी।

**एशिया पैसिफिक फिक्स्ड ब्रॉडबैंड रैंकिंग में भारत 39वें स्थान पर**

भारत फिक्स्ड ब्रॉडबैंड रैंकिंग में एशिया प्रशांत में 39वें स्थान पर है। एशिया प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक व सामाजिक आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 2015 में केवल 1.3% भारतीयों ने इसे सब्स्क्राइब किया।

- हांगकांग, न्यूजिलैंड, जापान, मकाऊ, ऑस्ट्रेलिया व सिंगापुर सूची में शीर्ष पर रहे।

**बांग्लादेश, म्यांमार, भारत 6900 किमी गैस पाइप लाइन से जुड़ेंगे**

सरकार ने 6,900 किमी गैस पाइपलाइन बिछाने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है, जो बांग्लादेश, म्यांमार, अधिकांश पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल को जोड़ेगी।

- बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसी) और भारतीय तेल निगम (आईओसी) ने इस साल अप्रैल में संयुक्त रूप से चटगांव में एक तरलीकृत पट्रोलियम गैस (एलपीजी) टर्मिनल संयत्र लगाने का समझौता किया। इससे पूर्वोत्तर के राज्यों को गैस पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# राष्ट्रीय

**प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में मिशन भागीरथ का शुभारंभ किया; महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के मेढक जिले में कोमातीबंदा गांव, गजवेल में मिशन भागीरथ की शुरुआत की।

- यह योजना सभी लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है।
- प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की आधारशिला की पट्टिकाओं का भी अनावरण किया। इनमें रामागुंडम स्थित एनटीपीसी के 1600 मेगावॉट थर्मल पावर स्टेशन; रामागुंडम में उर्वरक संयंत्र को पुनः चालू करना; कालोजी नारायण राव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और मनोहराबाद-कोटापल्ल रेल लाइन की आधारशिला शामिल हैं।
- उन्होंने अदिलाबाद जिले में जयपुर स्थित सिंगरेनी कोलोरीज में 1200 मेगावॉट थर्मल पॉवर स्टेशन भी राष्ट्र को समर्पित किया।

**ओड़िशा सरकार की बुनकरों के लिए नई योजना**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर राज्य के वरिष्ठ बुनकरों के लिए एक नये कल्याण योजना की घोषणा की। इस योजना का नाम 'वरिष्ठ बुनकर सहायता योजना' दिया गया है।

- इस योजना के तहत जो बुनकर 20 वर्ष तक काम कर चुके हैं और जिनकी आयु 60 साल हो चुकी है, वैसे बुनकरों को प्रतिमाह 500 रुपये की सहायता दी जायेगी और जिन बुनकरों की आयु 80 वर्ष से अधिक हो चुकी है, उन्हें 700 रूपये प्रतिमाह सहायता प्रदान की जायेगी।

**मानव संसाधन विकास मंत्री ने आईआईटी रायपुर का उद्घाटन किया**

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के परिसर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का उद्घाटन किया।

- इस संस्थान के छात्रों के पहले बैच को डिग्री प्रदान करने के समय इसका स्वयं का परिसर होगा।

**इरोम शर्मिला ने 16 साल से जारी अनशन तोड़ा**

मणिपुर की सामाजिक कार्यकर्ता इरोम शर्मिला (44) ने बीते 16 वर्षों से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (AFSPA) 1958 के खिलाफ जारी अपना अनशन तोड़ दिया। उन्हें 10,000 रुपये के बॉंड पर जमानत दी गई।

- हालांकि 23 अगस्त को अदालत में उनका पुन: परीक्षण किया जायेगा।
- शर्मिला ने घोषणा की है कि वह 2017 में मणिपुर विधानसभा चुनाव लडेगी।

**सामाजिक बुराइयों के खिलाफ महाराष्ट्र का भारत छोड़ो आंदोलन 2 शुरू**

महाराष्ट्र सरकार ने भारत छोड़ो आंदोलन की प्लेटिनम जुबली समारोह मनाने के दौरान विभिन्न तरह की सामाजिक बुराइयों के खिलाफ तथा स्वराज को सुराज में बदलने के लिये भारत छोड़ो आंदोलन का शुभारंभ किया।

- इसका उद्देश्य राष्ट्र में फैले भ्रष्टाचार, किसानों की आत्महत्या की समस्या, कुपोषण जल बर्बादी, आतंकवाद और सामाजिक बुराइयों व नशे को मिटाना है।

**मोदी, पुतिन और जयललिता ने संयुक्त रूप से किया कुडनकुलम परमाणु संयंत्र का उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संयुक्त तौर पर कुडनकुलम परमाणु संयंत्र के यूनिट-1 का उद्घाटन किया।

- यह संयत्र नवम्बर 1988 में राजीव गांधी व सोवियत नेता मिकाइल गोर्बाचेव के बीच हुई संधि के तहत रूसी तकनीक से बना है।
- रूसी तकनीक से बना यह प्लांट वर्ष 2014 से कार्यरत है। इसमें 1,000 मेगावॉट बिजली पैदा होती है, जिसमें आधी तमिलनाडु को दी जा रही है।

**नई दिल्ली में प्रधानमंत्री ने "रन फॉर रियो" को हरी झंडी दिखाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रन फॉर रियो' को ओलंपिक की भावना और देश के ओलंपिक में रंगे माहौल की खुशी मनाने के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- इस दौड़ की घोषणा युवा मामलों (आई / सी) और खेल राज्य मंत्री श्री विजय गोयल ने की।
- करीब 20,000 स्कूली बच्चों और युवाओं ने मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम से पांच किलोमीटर की रियो दौड़ में भाग लिया।

**आनन्दी बेन पटेल ने अमित शाह को सौंपा इस्तीफा**

गुजरात की मौजूदा मुख्यमंत्री आनन्दी बेन पटेल ने मुख्यमंत्री पद ने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को सौंप दिया है।

- उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जबकि पार्टी का राज्य में दबदबा कम होता जा रहा है जबकि विधान सभा चुनाव एक साल ही दूर है।

**सुरेश प्रभु ने अगरतला-नई दिल्ली 'त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस' का उद्घाटन किया**

रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने अगरतला-नई दिल्ली 'त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन किया।

- त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन गुवाहाटी से नई-दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन के बीच चलेगी। अगरतला-दिल्ली रेल संपर्क पर 968 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।
- इसके अलावा प्रभु ने बांग्लादेश के रेल मंत्री मोहम्मद मजिबुल हक के साथ अगरतला-अखौरा रेल संपर्क प्रोजेक्ट की आधारशीला भी रखी। यह ट्रांस एशियाई रेल संपर्क का भाग है।

**आन्ध्र प्रदेश ने खाद्य मूल्य श्रृंखला विकास के लिये जापान के साथ किया समझौता**

आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य में एक खाद्य मूल्य श्रृंखला विकसित करने के लिए जापान के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

- समझौते के तहत, जापान का कृषि, वानिकी, और मत्स्य पालन मंत्रालय (MAFF) आंध्र प्रदेश में कृषि और भोजन से संबंधित उद्योग के क्षेत्र में जापानी कंपनियों को प्रत्यक्ष निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगा।
- एक खाद्य मूल्य श्रृंखला के विकास के साथ-साथ यह खाद्य औद्योगिक पार्कों की स्थापना और कोल्ड चेन का विकास करेगा।

**400 करोड़ रुपये की नमामि गंगे परियोजनाओं को स्वीकृति**

नमामि गंगे अभियान में कार्यान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण (एनजीआरबीए) की उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (ईएससी) ने आज 400 करोड़ (लगभग) रूपए की विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी है।

- इन परियोजनाओं में घाटों का विकास, रुद्रप्रयाग से गुप्तकाशी (उत्तराखंड) के खंड में घाटों, कानपुर में घाटों और का पुनर्वास/विकास, कानपुर शहर के नालों का प्रवाह, उत्तर प्रदेश में रामगंगा पर बिजनौर में घाटों का विकास, इलाहाबाद में घाटों का विकास कार्य, बिहार सार्वजनिक सुविधाओं/शमशान घाटों/नदी घाटों का निर्माण, झारखंड के साहिबगंज से राजमहल के खंड में घाटों और शमशान घाटों का विकास, पश्चिम बंगाल वनीकरण कार्यक्रम और उत्तरप्रदेश के बिजनौर में 13 घाटों और पांच शमशान गृहों का विकास शामिल है।

**भारत तंबाकू नियंत्रण सम्मेलन की मेजबानी करेगा**

भारत तंबाकू उत्पादों के अवैध व्यापार को समाप्त करने के लिए नवंबर में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है।

- शिखर सम्मेलन नोएडा में भारतीय प्रदर्शनी मार्ट में नवंबर 7-12 के लिए निर्धारित है। इस शिखर सम्मेलन में 180 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- यह तंबाकू नियंत्रण पर फ्रेमवर्क कन्वेंशन (डब्ल्यूएचओ-FCTC) के पक्षकारों के सम्मेलन (COP7) का 7 वां सत्र है।

**ओडिशा सरकार जेल वार्डरों के रूप में ट्रांसजेंडरों की भर्ती करेगी**

ओडिशा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार राज्य की जेलों में वार्डरों के रूप में ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों के सदस्यों की भर्ती करने का निर्णय लिया है।

- गृह विभाग ने ओडिशा अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग (OSSC) को ट्रांसजेंडर समुदाय को लिंग श्रेणी में शामिल करने के लिए निर्देश जारी किए।
- यह राज्य सरकार की भर्ती प्रक्रिया में किसी एक अलग वर्ग के रूप में तीसरे लिंग का पहली बार उल्लेख होगा।
- जेल निदेशालय के दिशा के अनुसार, ट्रांसजेंडर जो जेल वार्डरों के पद के लिए आवेदन करेंगे के लिये शारीरिक मानक महिला उम्मीदवारों के समान निर्धारित की गई है।

**मद्रास उच्च न्यायालय का नाम बदलकर तमिलनाडु रखने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत**

तमिलनाडु विधानसभा ने एकमत द्वारा मद्रास उच्च न्यायालय का नाम बदलकर तमिलनाडु उच्च न्यायालय करने का निर्णय लिया। केन्द्र ने इसका नाम चैन्नई उच्च न्यायालय रखने का प्रस्ताव लिया है।

- उच्च न्यायालय (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2016 लोक सभा में कानून और न्याय मंत्री, रवि शंकर प्रसाद द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्ताव का उद्देश्य मद्रास, बॉम्बे एवं कलकत्ता उच्च न्यायालयों का नाम परिवर्तित करना है।
- मद्रास, बॉम्बे एवं कलकत्ता उच्च न्यायालय क्रमश: चेन्नई, मुंबई व कोलकाता उच्च न्यायालय के नाम से जाने जायेंगे।

**राज्यसभा में जीएसटी बिल पास**

आखिरकार सालों का लंबा इंतजार खत्म हुआ है। राज्यसभा में जीएसटी बिल पास हो गया है। राज्यसभा में जीएसटी के लिए संविधान संशोधन बिल (122वें संशोधन) को राज्यसभा में पास किया गया। लोक सभा इसे पहले ही पास कर चुकी है।

- संविधान संशोधन विधेयक पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लगने के बाद यह फिर निम्न सदन में भेजा जायेगा तथा इस पर कम से कम 50 फीसदी  राज्यों की विधानसभाओं की मंजूरी चाहिए होगी।
- सदन में 203 वोटों के साथ जीएसटी बिल को पास कर दिया गया है। जीएसटी के लिए संविधान संशोधन बिल के खिलाफ एक भी वोट नहीं पड़ा।

**विश्व आर्थिक मंच का भारत आर्थिक सम्मेलन 6-7 अक्टूबर को दिल्ली में**

विश्व आर्थिक मंच अपना वार्षिक भारत आर्थिक सम्मेलन दिल्ली में 6-7 अक्टूबर को आयोजित करेगा। इस सम्मेलन में 500 से ज्यादा कारोबारी, राजनीतिज्ञ, शीर्ष नीति-निर्माता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिस्सा लेंगे।

- इस साल बैठक की थीम 'डिजिटल बदलाव के माध्यम से एक समावेशी भारत को प्रोत्साहन' है।

**पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर हो सकता है 'बंगाल' और 'बांग्ला' या 'बॉन्गो'**

अब जल्द ही पश्चिम बंगाल को केवल 'बंगाल' कहा जा सकता है, जबकि बांग्ला भाषा में इसे 'बांग्ला' (Bangla) या बॉन्गो (Banga) बोला जाएगा। मंगलवार को राज्य सरकार की कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

- पश्चिम बंगाल की विधानसभा में इस पर विचार होने के बाद प्रस्ताव को केंद्र के पास भेजा जाएगा। इसके लिए जल्द ही विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है।
- राज्यों के किसी भी सम्मेलन में पश्चिम बंगाल के वक्ताओं या प्रतिनिधियों को सबसे आखिर में मौका मिलता है। इस वजह से उन्हें अपने विचारों को रखने के लिए कम वक्त मिल पाता है।

**राजस्थान में देश की पहली सीवरेज एवं वेस्ट वाटर नीति को मंजूरी**

राजस्थान सरकार ने सीवरेज एंड वेस्ट नीति को मंजूरी दे दी है। राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इसे जयपुर में मंजूरी दी।

- आगामी पांच वर्षों में सभी जिला मुख्यालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले शहर, हैरिटेज कस्बों तथा एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों को शत प्रतिशत सीवरेज नेटवर्क से जोड़ा जायेगा।
- शोधित जल का उपयोग औद्योगिक, व्यावसायिक, कृषि, बागवानी, आदि कार्यों में किया जा सकेगा।
- राज्य में उन शहरों में जिनमें 100% सीवेज सिस्टम है अगले पांच साल में हर घर में सीवेज सिस्टम के साथ कनेक्ट करना अनिवार्य हो जाएगा।

**छह नए आईआईटी को संसद की मंजूरी**

संसद ने राज्यसभा में प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 पारित करते हुए देश भर में छह नए आईआईटी की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

- ये आईआईटी पलक्कड़ (केरल), गोवा, धारवाड़ (कर्नाटक), भिलाई (छत्तीसगढ़), जम्मू और तिरुपति (आंध्र प्रदेश) में शुरू किये जायेंगे।

**भेल ने छत्तीसगढ़ में 500 मेगावाट मारवा थर्मल पावर स्टेशन शुरू किया**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल ने छत्तीसगढ़ के जंजगीर-चंपा जिले में स्थित थर्मल पावर स्टेशन में 500 मेगावाट की दूसरी ताप इकाई चालू की है।

- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में मारवा थर्मल पावर स्टेशन में पहली इकाई का परिचालन भी शुरू किया था।'' मारवा टीपीएस की स्थापना छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी ने की है।

**लोकसभा अध्यक्ष ने संसद परिसर में डीआरडीओ प्रदर्शनी का उद्घाटन किया**

संसद भवन परिसर में रक्षा एवं अनुसंधान विभाग डीआरडीओ ने सांसदों के लिए एक रक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया है। इसका उद्घाटन लोकसभा सुमित्रा महाजन ने किया।

- तीन दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में देश में बने हथियार प्रदर्शित किये जायेंगे जिन्हें डीआरडीओ ने बनाया है।
- इनमें लाइट कॉम्बेट एयरकाफ्ट तेजस, ब्रह्मोस, अर्जुन टैंक, एयरबोर्न अर्ली एंड कंट्रोल सिस्टम यानि कि एईडब्लू एंड सी टोही विमान, मल्टी बैरल रॉकेट लांचर पिनाका, वरुणास्त्र टारपीडो, रडार  के अलावा कई अन्य हथियार प्रणाली शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री ने नया 'पीएमओ ऐप्प' (पीएमओ एप्लीकेशन) लॉन्च किया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक नया 'पीएमओ ऐप्प' (पीएमओ एप्लीकेशन) लॉन्च किया जो प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की वेबसाइट के अनुरूप होगा।

- एप्लिकेशन दिल्ली के युवा इंजीनियरिंग छात्रों की एक टीम ने विकसित की है जिन्होनें एप्लिकेशन को विकसित करने के लिए प्रतियोगिता जीती थी।
- नया एप्लिकेशन मोबाइल उपयोगकर्ताओं को प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट के साथ कनेक्ट करने की अनुमति देगा।

**वाराणसी में दूसरा हथकरघा दिवस मनाया गया**

केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय ने 7 अगस्त को दूसरा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया। पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पिछले वर्ष चेन्नई में मनाया गया था जिसमे मोदी मुख्य अतिथी थे।

- इस बार इसे केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी में मनाया गया तथा मंत्री ने संत कबीर राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार 2015 जीतने वाले बुनकरों को सम्मानित किया।

**वित्तमंत्री ने भारत अंतर्राष्ट्रीय फुटवियर मेला 2016 का उदघाटन किया**

वित्तमंत्री श्री अरूण जेटली भारतीय ने दूसरे भारत अंतर्राष्ट्रीय फुटवियर मेले (आईआईएफएफ) का प्रगति मैदान, नई दिल्ली में उद्घाटन किया।

- इस वर्ष भारत और विदेश की 263 प्रमुख कंपनियां इस मेले में हिस्सा ले रही हैं।

**500 नगरों का स्वच्छ सर्वेक्षण वेंकैया नायडू द्वारा आरंभ किया गया**

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री श्री एम. वेंकैया नायडू ने स्वच्छता एवं संबंधित शहरी स्थानीय निकायों द्वारा किए गए प्रयासों के स्तरों के आधार पर 500 नगरों एवं शहरों का आकलन करने तथा उन्हें श्रेणीबद्ध करने के लिए 'स्वच्छ सर्वेक्षण-2017' का शुभारंभ किया।

- एक लाख और उससे अधिक की आबादी वाले नगरों, विरासत एवं पर्यटन शहरों, एक लाख की आबादी से कम वाले राजधानी नगरों को इस सर्वे में शामिल किया गया है, जो कि स्वच्छ भारत मिशन के प्रारंभ होने के बाद से दूसरा सर्वे है।

**मोदी ने सौनी योजना का शुभारंभ किया**

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने गृहराज्य गुजरात में सौराष्ट्र क्षेत्र का जल संकट समाप्त करने के उद्देश्य वाली महत्वाकांक्षी सौराष्ट्र नर्मदा अवतरण सिंचाई योजना (सौनी योजना) के पहले चरण का लोकार्पण किया।

- मोदी ने मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और उपमुख्यमंत्री नीतिन पटेल की मौजूदगी में बटन दबा कर नर्मदा नदी के अतिरिक्त जल को सौराष्ट्र के जलाशयों को भरने की इस योजना की शुरूआत की।

**महबूबा मुफ्ती ने जम्मू कश्मीर में उजाला योजना का शुभारंभ किया**

महबूबा मुफ्ती ने 28 अगस्त 2016 को जम्मू कश्मीर में उजाला योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने एलईडी बल्बों का वितरण कर राज्य में केन्द्र सरकार की उजाला योजना शुरू की।

- उजाला योजना पर एक सौ पचास करोड़ रुपये की सब्सिडी मिल रही है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2015 में उजाला या राष्ट्रीय एलईडी कार्यक्रम का शुभारंभ किया था, जिसके तहत 77 करोड़ सामान्य बल्बों के स्थान पर एलईडी बल्ब लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। यह योजना विभिन्न राज्यों में सफलता के साथ चल रही है।

**जावड़ेकर ने जम्मू में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का उद्घाटन किया**

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने जम्मू में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का उद्घाटन किया।

- 90 छात्रों को शैक्षणिक सत्र के लिए आईआईटी जम्मू में नामांकित किया गया है।
- इस सम्बन्ध में उच्च शिक्षा, विभाग जम्मू-कश्मीर और मानव संसाधन विकास मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के बीच 1 मई 2016 को एक समझौता हुआ था।

**बिहार विधानसभा ने जीएसटी संबंधी विधेयक ध्वनि मत से पारित**

बिहार विधानसभा ने भी वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) बिल को इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया।

- बिहार देश का पहला ऐसा गैर एनडीए शासित प्रदेश है जिसने इसका समर्थन किया है। बीजेपी शासित असम राज्य पहला प्रदेश है जिसने इसका समर्थन किया है।

- जीएसटी बिल को राष्ट्रपति मंजूरी के लिए 15 राज्यों से पास होने की जरूरत है।

**तमिलनाडु: CM जयललिता ने स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन बढ़ाई**

तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जे. जयललिता ने स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन को 11 हजार से बढ़ाकर 12 हजार करने की घोषणा की।

- सुश्री जयललिता ने सेंट जॉर्ज के किले में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को याद किया और शहीदों के परिवारों के पेंशन को बढाने की घोषणा की।
- केन्द्र सरकार ने भी स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन को 20 फीसदी बढाया है।

**उड़िया ओडिशा की राजभाषा बनी**

उड़िया भाषा का अब ओडिशा में सभी सरकारी कार्यालयों में राजभाषा के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

- उड़ीसा राजभाषा अधिनियम 1954, में संशोधन के अनुसार, सभी सरकारी पत्र व फाइलों का कार्य उड़िया भाषा में किया जाएगा।
- राज्य भर में सभी सरकारी कार्यालयों में राज्य भाषा के रूप में उड़िया का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव आदित्य प्रसाद पाधी ने एक पैनल तैयार किया है।

**इलाहाबाद मेट्रो के प्रस्ताव को मंजूरी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में इलाहाबाद नगर में मेट्रो रेल परियोजना के संचालन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

- मंत्रिपरिषद की बैठक में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्कूल बैग उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान मिल गई है।

**केरल: सरकारी स्कूलों के लिए 10,000 करोड़ आवंटित**

केरल के वित्त मंत्री थॉमस इस्साक ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार के पांच साल के कार्यकाल के लिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

- आठवीं से 12वीं तक सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में करीब 60,000 हाईटेक कक्षाओं की स्थापना शामिल है।
- दूसरा भाग 1,000 स्कूलों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों तक उठाने पर केंद्रित है।

**बिजली में सुधार के लिए ऐप लांच**

ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल ने बिजली ट्रांसमिशन क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ट्रांसमिशन परियोजनाओं की टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धी बिडिंग के आधार पर ऑनलाइन बोली लगाने और रिवर्स नीलामी के लिए एक वेब पोर्टल ई-ट्रांस लांच किया।

- ऊर्जा मंत्री ने ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) की सहयोगी इकाई आरईसी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड (आरईसीटीपीसीएल) की ओर से विकसित एक मोबाइल ऐप तरंग और दो वेब पोर्टल ई-ट्रांस और दीप (दूसरा चरण) लांच किए।

**सचिन अब महाराष्ट्र के गांव का करेंगे विकास, सूखे की मार झेल रहे 'दोंजा' को लिया गोद**

क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद सचिन तेंदुलकर ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत उस्मानाबाद जिले के दोंजा गांव को गोद लिया है।

- संसद आदर्श ग्राम योजना एक ग्रामीण विकास कार्यक्रम है।
- संसद आदर्श ग्राम योजना को अक्टूबर 2014 में शुरू किया गया था।

**केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यक मामलों मंत्रालय की वेबसाइट का शुभांरभ किया**

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य राज्य मंत्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की नई हिन्दी वेबसाइट और उन्नत इंग्लिश वेबसाइट का शुभारंभ किया.

- यह वेबसाइट http://www.minorityaffairs.gov.in प्रयोग करने में आसान है साथ ही यह वेबसाइट आईपेड और मोबाइल जैसे उपकरणों पर भी बेहतर तरीके से काम करेंगी.

**दक्षिण भारत की पहली बाल अदालत का उद्घाटन**

गोवा और दिल्ली के बाद तेलंगाना बाल अदालत का उद्घाटन करने वाला तीसरा राज्य बन गया है।

- यह देश में छठा ऐसा राज्य है जहां बच्चों के लिए प्रतीक्षालय और आरोपियों के लिए विडियो कैमरे के द्वारा सुनवाई जैसी सुविधाएं हैं। बाल यौन अपराध सुरक्षा अधिनियम, 2012 (पोस्को) के तहत इसका प्रावधान है।

**30 कंपनियों को IIT ने किया ब्लैकलिस्ट**

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (IIT) ने ऐसे लगभग 30 रिक्रूटर्स जिनमें से 28 स्टार्टअप्स हैं, का नाम पब्लिक कर दिया है, जिन्होंने उनके स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट में जॉब ऑफर तो दिए लेकिन वादा पूरा करने में कोताही बरती।

- इन कंपनियों को कम से कम एक साल के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और इस साल किसी भी आईआईटी कैंपस प्लेसमेंट में शामिल होने से बैन किया जाएगा।

**31 अगस्त से सिर्फ 92 पैसे के प्रीमियम में रेलवे देगा 10 लाख का बीमा कवर**

आगामी 31 अगस्त से रेल यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुक कराने पर यात्रियों को 10 लाख रुपये तक का यात्रा बीमा कवर मिलेगा। इसके लिए उन्हें एक रुपये से भी कम का प्रीमियम भुगतान करना होगा।

- उपनगरीय ट्रेनों पर यह सुविधा नहीं मिलेगी। किसी भी श्रेणी में यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसकी शुरुआत परीक्षण के आधार पर की जाएगी।
- यह बीमा कवर पांच साल तक के बच्चों तथा विदेशी नागरिकों को नहीं मिलेगा। अधिकारी ने बताया कि यह सुविधा कन्फर्म, आरएसी तथा वेट लिस्ट टिकट रखने वाले यात्रियों को मिलेगी।
- इस योजना के तहत यात्रियों या उनके कानूनी उत्तराधिकारी को मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर 10 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। आंशिक विकलांगता पर 7.5 लाख रुपये, दो लाख रुपये तक का अस्पताल का खर्च तथा ट्रेन दुर्घटना स्थल से शव ले जाने के लिए 10,000 रुपये तक का परिवहन खर्च मिलेगा।

**सुगम्य पुस्तकालय - प्रिंट विकलांग व्यक्तियों के लिए ऑनलाइन पुस्तकालय**

"सुगम्य पुस्तकालय" एक ऑनलाइन मंच है, जहां पर प्रिंट विकलांग लोगों के लिए सुलभ सामग्री उपलब्ध करायी जाती है।

- इस पुस्तकालय में विविध विषयों और भाषाओं तथा कई सुलभ प्रारूपों में प्रकाशन उपलब्ध है।
- इसे डेज़ी फोरम ऑफ इंडिया संगठन के सदस्यों और टीसीएस एक्सेस के सहयोग से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा तैयार किया गया है।
- यहां पर दृष्टिहीन और अन्य प्रिंट विकलांग लोगों के लिए सुलभ प्रारूपों में पुस्तकें उपलब्ध हैं। विविध भाषाओं में दो लाख से अधिक किताबें हैं। देश और दुनिया भर में सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय, बुकशेयर सहित पुस्तकालयों का एकीकरण किया जा रहा है।

**राष्ट्रपति ने आकाशवाणी मैत्री चैनल का किया उद्घाटन**

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने बांग्ला भाषी श्रोताओं के लिए आकाशवाणी मैत्री चैनल और उसकी वैबसाइट का उद्घाटन किया।

- इस पहल से भारत और बांग्लादेश दोनों देशों के कार्यक्रमों के लिए मंच मुहैया होगा और बंगाली संस्कृति का संरक्षण होगा।
- इसे एक अत्याधुनिक ब्रांड के नए उच्च शक्ति के 1000 किलोवाट DRM ट्रांसमीटर से प्रसारित किया जाएगा।

**महाराष्ट्र आंतरिक सुरक्षा के लिए खुद का कानून लागू करेगा**

महाराष्ट्र आंतरिक सुरक्षा संरक्षण अधिनियम के नव निर्मित मसौदा (MPISA) ने विशेष सुरक्षा क्षेत्र (SSZ) की स्थापना का प्रस्ताव दिया है।

- इन क्षेत्रों में, हथियारों, विस्फोटकों और बेहिसाब धन के प्रवाह की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।
- खुद का आंतरिक सुरक्षा कानून का मसौदा तैयार करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है।

**मेनका गांधी ने बच्चों के यौन शोषण की शिकायत के लिए पोस्को ई-बॉक्स लान्च किया**

बाल यौन शोषण की रिपोर्ट करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती मेनका संजय गांधी ने दिल्ली में एक ऑनलाइन शिकायत बॉक्स, POCSO ई-बॉक्स की शुरूआत की।

- यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण, (POCSO) ई-बॉक्स, बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों को दर्ज करने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली है।

**बेंगलुरु में होगा प्रवासी भारतीय दिवस समारोह 2017**

प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन अगले साल जनवरी माह में बेंगलुरु में आयोजन किया जाएगा।

- सुषमा स्वराज और कर्नाटक के पर्यटन मंत्री आर वी देशपांडे के बीच प्रवासी भारतीय दिवस के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।
- दुनिया भर से 3000 अनिवासी भारतीय (एनआरआई) और भारतीय मूल के प्रतिनिधि इसमें भाग लेंगे।

**29 अगस्त: राष्ट्रीय खेल दिवस**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवसमनाया गया.

- ध्यानचन्द जिन्हें हॉकी का सबसे महान खिलाडी माना जाता है, ने 1928, 1932 व 1936 में भारत को लगातार तीन बार ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाया था.
- इसी दिन सरकार खेल रत्न, अर्जुन अवार्ड व द्रोणाचार्य अवार्ड प्रदान करती है.

**जावडेकर ने किया आईआईटी धारवाड़ के परिसर का शिलान्यास**

केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने आईआईटी धारवाड का औपचारिक उद्घाटन किया.

- इसका उद्घाटन जुलाई में होना था लेकिन कलसा-बंडूरी आंदोलन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था.
- आईआईटी धारवाड़ का पहला बैच 120 छात्रों के साथ 1 अगस्त से शुरु हो चुका है.

**अमेजन ने खोला तेलुगू बुक स्टोर**

ई-कॉमर्स पोर्टल अमेजन ने 10,000 से अधिक तेलुगू टाइटल्स की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ एक समर्पित ऑनलाइन तेलुगू बुक स्टोर के शुभारंभ की घोषणा की है।

- पाठक स्टोर में अंग्रेजी बेस्टसेलर्स के तेलुगु अनुवाद प्राप्त कर सकते हैं।
- वर्तमान में, अमेज़न हिंदी, तमिल, कन्नड़, मराठी, मलयालम, गुजराती और बंगाली भाषाओं की पुस्तकें प्रदान करता है।

**यस बैंक ने वॉलेट यस पे लांच किया**

निजी क्षेत्र के यस बैंक ने अपना डिजिटल वॉलेट एंड्रॉयड और आईओएस मोबाइल प्लेटफार्मों के लिए शुरू किया है। वॉलेट पर फेसबुक के सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।

- भारत में अधिकतर वॉलेट मोबाइल रिचार्ज व बिल भुगतान की सुविधा देते हैं लेकिन यह इनके अलावा ग्राहकों व गैर ग्राहकों को पैसे भेजने व प्राप्त करने की भी सुविधा देता है.

**दिल्ली: 22वां पुस्तक मेला शुरू**

दिल्ली पुस्तक मेला के 22वें संस्करण का आगाज दिल्ली के प्रगति मैदान में हुआ जो 4 सितंबर तक चलेगा.

- इस बार के पुस्तक मेले की थीम 'सर्व शिक्षा अभियान' है। दिल्ली पुस्तक मेले के 22वें संस्करण का लक्ष्य युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए ‘सर्व शिक्षा अभियान’ के तहत केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों को रेखांकित करना है।
- इसका आयोजन भारतीय प्रकाशक महासंघ के सहयोग से भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) कर रहा है.

**ISRO ने ' स्क्रैमजेट इंजन का किया सफल परीक्षण**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने अत्याधुनिक स्क्रैमजेट रॉकेट इंजन का सफल परीक्षण किया है.

- वायुमंडल की ऑक्सीजन का इस्तेमाल करते हुए इंजन का प्रक्षेपण किया गया, जिससे प्रक्षेपण की लागत कई गुना कम हो सकती है.

**'नमामि गंगे' के तहत IIT कानपुर ने गोद लिये गंगा किनारे बसे पांच गांव**

नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिये आईआईटी कानपुर ने गंगा नदी के किनारे बसे शहर के पांच गांवों को गोद लिया है।

- कानपुर के जिन पांच गांवों को आईआईटी ने गोद लिया है उनमें रमेल नगर, ख्योरा कटरी, प्रतापपुर, हरी हिंदपुर और कटरी लोधवा खेड़ा गांव शामिल है।

- आईआईटी केवल इन गांवों की सफाई व्यवस्था, स्वच्छ पानी की व्यवस्था और यहां का गंदा पानी गंगा नदी में न जायें इसके लिये गांव वालों को जागरूक करेंगी।

**शशि शेखर समिति ने वर्ल्ड कल्चर फेस्टिवल की रिपोर्ट एनजीटी को सौंपी**

शशि शेखर समिति अगस्त 2016 के तीसरे सप्ताह में चर्चा में रही क्योंकि इस समिति ने श्री श्री रविशंकर के आर्ट ऑफ़ लिविंग (एओएल) द्वारा आयोजित वर्ल्ड कल्चर फेस्टिवल की रिपोर्ट राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) को सौंपी।

- इस रिपोर्ट में समिति ने वर्ल्ड कल्चर फेस्टिवल द्वारा यमुना को हुए नुकसान के बारे में जानकारी प्रदान की है।
- यह कार्यक्रम एओएल द्वारा मार्च 2016 में यमुना नदी के किनारे आयोजित कराया गया था।
- इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि कार्यक्रम से यमुना नदी एवं इसके तराई के क्षेत्र को नुकसान हुआ है।

**केवीआईसी ने कताई करने वालों की मजदूरी बढ़ाई**

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग सूती धागे की कताई करने वालों की मजदूरी व बाजार विकास सहायता में बढोतरी की है।

- केवीआईसी ने सूती धागे की कताई करने वालों की मजदूरी चार रूपए से बढ़ाकर साढ़े पांच रूपए प्रति लच्छा कर दी है। इस वृद्धि के साथ कताई करने वालों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त बाजार विकास सहायता भी मिलेगी।

**मेनका गांधी ने देहरादून में पशु जन्म नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन**

उत्तराखंड के देहरादून में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने उत्तराखंड के पहले एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का केदारपुरम में उद्घाटन किया।

- आवारा कुत्तों की नसबंदी का पहला अस्पताल देहरादून के केदारपुरम में खोला गया है। इस सेंटर के जरिए देहरादून के आवारा कुत्तों के बंध्याकरण का कार्यक्रम चलाया जाएगा।
- पहले चरण में देहरादून के अलावा मसूरी, और नैनीताल में ऐसे केंद्र खोले जाने हैं और दूसरे चरण में प्रदेश के बाकी नगर निगम क्षेत्र में खोले जाएंगे।
- शहरी विकास मंत्रालय ने इसके लिये 2 करोड रुपये प्रदान किये हैं।

**पीएम मोदी के जिस सूट पर हुआ था विवाद, उसने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड**

बीते साल ओबामा से मुलाकात के दौरान विवादों में रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सूट को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। ये सूट दुनिया का सबसे महंगा सूट है।

- 4 करोड़ 31 लाख 31 हजार 311 रुपये में नीलाम हुआ
- सूरत के हीरा व्यापारी लालजी पटेल ने दूसरे सभी लोगों से बड़ी बोली लगाकर मोदी का ये सूट खरीदा था।

**ब्रिक्स महिला सांसदों का सम्मेलन जयपुर में संपन्न**

ब्रिक्स के पांच देशों की महिला सांसदों का दो दिवसीय सम्मेलन जयपुर में संपन्न हुआ।

- लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने राजस्थान विधानसभा कक्ष में सम्मेलन का शुभारम्भ किया।
- सम्मेलन में सदस्य देशों के कुल 42 राजनयिकों ने भाग लिया।

**केरल सरकार की नई ऋण राहत योजना**

जो लोग ऋण लेकर वापिस चुकाने में असमर्थ हैं ऐसे निर्धन लोगों के लिये केरल सरकार ने एक नई ऋण राहत योजना शुरू की है।

- यह योजना सरकार पर अतिरिक्त 40 करोड़ का भार डालेगी तथा 10,000 से अधिक लोगों को राहत प्रदान करेगी।

**उमा भारती ने कानपुर में 560 करोड़ रुपए की नमामि गंगे परियोजनाओं का शिलान्यास किया**

केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री सुश्री उमा भारती ने कानपुर में गंगा बैराज पर नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

- 63 करोड़ रुपए की लागत से सीसामऊ नाले की अवरोधन और दिशा परिवर्तन योजना।
- नेटवर्किंग के लिए 397 करोड़ रुपए की नेटवर्किंग योजना।
- बिठूर में नदी तट के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए की योजनाएं और
- वहां 14 घाटों और 5 शवदाह गृहों का निर्माण शामिल है।

**मेनका गांधी ने शुरू किया 11 अगस्त को बेटी दिवस बनाने का अभियान**

महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने अपनी बहू और पोती के साथ एक तस्वीर ट्वीट करते हुए 11 अगस्त को बेटी दिवस मनाने के लिए सोशल मीडिया पर एक अभियान शुरू किया है।

- सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत इस पूरे सप्ताह को बेटी सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार के इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में महिला भ्रूण हत्या पर रोक लगाना, लिंग अनुपात सुधारना और लड़कियों को शिक्षित बनाना है।
- मेनका गांधी ने लोगों से भी कहा कि वे अपनी बहुओं और पोतियों के साथ खिंची अपनी तस्वीर को #बीबीबीपी डॉटर्स वीक पर साझा करें।
- मंत्रालय इस अवसर का इस्तेमाल नागरिकों को उनके जीवन में मौजूद युवतियों और लड़कियों के होने की खुशी मनाने का मौका देने और बेटी के महत्व का संदेश फैलाने के लिए कर रहा है।

**मोदी 'आजादी 70 साल, याद करो कुर्बानी' अभियान की शुरुआत की**

आजादी के 70 साल पूरे होने के मौके पर देश में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने मशहूर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जन्मभूमि भाबरा,मध्य प्रदेश में 'आजादी 70 साल, याद करो कुर्बानी' अभियान की शुरुआत की।

- आजादी के 70 साल और भारत छोड़ो आंदोलन के 75 साल पूरे होने के मौके पर'आजादी 70 साल, याद करो कुर्बानी' नामक 15 दिवसिय अभियान की शुरुआत की गई है।
- बाद में उन्होनें एक थीम गीत 'आजादी 70 साल, याद करो कुर्बानी' जो कि डॉ गजल श्रीनिवास द्वारा रचित किया गया है, के साथ 70 वें स्वतंत्रता वर्ष समारोह के शुभारंभ के निशान तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई।

**MSMEs के लिए वित्तमंत्री जेटली ने लांच किया 'डाटा बैंक पोर्टल'**

देश में माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज के उद्योंगो को बढ़ाने के लिए और उनके कारोबार को और ज्यादा आसान करने के लिए वित्तमंत्री जेटली ने एमएसएमई मंत्रालय ने  नया वेब पोर्टल लॉन्च किया हैं।

- एमएसएमई सेक्रेट्री केके जालान ने कहा कि एमएसएमई के अलावा इस बार एमएसएमई एसोसिएशंस का डाटा भी इकट्ठा किया जाएगा।
- जालान ने बताया कि मिनिस्ट्री की ओर से छह ऑनलाइन फाइनेंस फैसिलिटेशन सेंटर्स खोले जांएगे, जो जालंधर, लुधियाना, गुवाहाटी, लखनऊ, पीनिया और दिल्ली में होंगे। मिनिस्ट्री का प्लान है कि 6 और सेंटर्स जल्द ही खोले जाएं।

**सीबीडीटी की मीडिया नीति**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जनता को बोर्ड और आयकर विभाग की गतिविधियों के बारे में सूचना देने को मौजूदा मीडिया नीति की समीक्षा के लिए समिति का गठन किया है।

- नौ सदस्यीय समिति का गठन सीबीडीटी के सदस्य गोपाल मुखर्जी की अध्यक्षता में किया गया है।
- समिति पत्रकारों तथा मीडिया संगठनों के साथ विभाग के संपर्क के नियमन के लिए नए दिशानिर्देश बनाएगी।

**मनोहर पर्रिकर ने भारत पर्व का उद्घाटन किया**

रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने इंडिया गेट के राजपथ लॉन, नई दिल्ली में भारत पर्व समारोह का उद्घाटन किया।

- समारोह की अध्यक्षता संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. महेश शर्मा ने की।
- यह कार्यक्रम आम जनता के लिए खुला है और प्रवेश नि:शुल्क है. प्रवेश हेतु अपना पहचान पत्र अपने पास रखना होगा।

**देश में छह आईआईटी और आंध्र में एनआईटी को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी**

प्रणब मुखर्जी ने प्रौद्योगिकी संस्थान :संशोधन: अधिनियम, 2016 को मंजूरी दे दी। इस अधिनियम के तहत जम्मू, तिरूपति, पलक्कड (केरल), गोवा, धारवाड़ (कर्नाटक) और भिलाई में भी आईआईटी शुरू किए जाएंगे।

- इस कानून के दायरे में इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स :आईएसएम:, धनबाद भी आया है। आईएसएम को अब इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी :आईएसएम:, धनबाद के नाम से जाना जाएगा। इसमें नए और पुराने दोनों नामों का समावेश किया गया है। अधिनियम के अनुसार ये तमाम संस्थान राष्ट्रीय महत्व के संस्थान होंगे।
- राष्ट्रपति ने आंध्रप्रदेश में एक एनआईटी की स्थापना के लिए कानून को मंजूरी दे दी।

**पंजाब: सेवा केंद्र का उद्घाटन**

पंजाब की अकाली-बीजेपी गठबंधन सरकार एक छत के नीचे लोगों अधिकतम नागरिक सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से जालंधर के लद्देवाली में पहले सेवा केंद्र की शुरुआत की है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने किया।

- इसी दौरान उप मुख्यमंत्री सुखबीर बादल मानसा, पठानकोट और भोलाथ में इस सेवा केंद्र का उद्घाटन किया।
- राज्य भर में बनाए गए 2147 नये सेवा केंद्रों पर 500 करोड़ रुपए का खर्चा आया है।

**जीएसटी पास करने वाला असम देश का पहला राज्य बना**

असम वस्तु एवं सेवा कर (GST) संविधान संशोधन विधेयक पास करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

- जीएसटी बिल संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है और अब इसे देश की 15 राज्य विधानसभाओं से पास कराना बाकी है।
- सरकार चाहती है कि जीएसटी अगले साल 1 अप्रैल 2017 से लागू हो जाए।

**देश के 10 प्रमुख शहरों में स्मार्ट गंगा सिटी परियोजना की शुरूआत**

केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री उमा भारती और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री वैंकेया नायडु ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए देश के 10 प्रमुख शहरों में स्मार्ट गंगा सिटी परियोजना की शुरूआत की।

- ये शहर है- हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा-वृंदावन, वाराणसी, कानपुर, इलाहाबाद, लखनऊ, पटना, साहिबगंज और बैरकपुर।
- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने सीवेज उपचार के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए हाइब्रिड एन्यूटी आधारित सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर कार्य हेतु प्रथम चरण में इन शहरों का चयन किया है।

**वित्त मंत्रालय रेल बजट को आम बजट में ही मिला देने के प्रस्ताव पर सहमत**

वित्त वर्ष 2017-18 से रेलवे बजट अलग से नहीं बल्कि आम बजट के साथ ही पेश होगा। इस तरह 1924 से चली आ रही 92 साल पुरानी परंपरा को खत्म कर दिया जाएगा।

- रेल बजट का आम बजट में विलय हो जाता है तो रेलवे भी उन दूसरे विभागों की तरह हो जाएगा जिन्हें बजट अलॉट किया जाता है।
- वित्त मंत्रालय ने पांच सदस्यों की एक समिति बनाई है जो दोनों बजटों के विलय के तौर-तरीकों पर काम करेगी।

**भारत के पहले जैव सीएनजी संयंत्र का पुणे में उद्घाटन**

भारत के पहले जैव सीएनजी संयंत्र जो कृषि अवशेषों से सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) का उत्पादन करता है, का पुणे, महाराष्ट्र में उद्घाटन किया गया।

- इसका उद्घाटॅन संयुक्त रूप से भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने किया।

# व्यापार/बैंकिंग

**आईआरसीटीसी, मणिपुर सरकार के साथ मिलकर पर्यटन को देगी बढ़ावा**

भारतीय रेल खानपान व पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने मणिपुर सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत वे अपनी क्षमताओं का संयुक्त इस्तेमाल कर पर्यटकों के पर्यटन व आतिथ्य सेवाएं प्रदान करेंगे।

- इस एमओयू के मुताबिक दोनों ही पक्षों ने सहयोग के क्षेत्रों की तलाश कर संयुक्त पर्यटन उत्पादों के विकास की विस्तृत योजना बनाई है। दोनों ही पक्ष रेलवे और गैर रेलवे स्थानों पर विभिन्न खानपान और आतिथ्य आऊटलेट, बजट होटल और हस्तशिल्प दुकानों को खोलने और उनका प्रबंधन करने पर सहमत हुआ है।

**एप्पल ने टूरी कंपनी खरीदी**

एप्पल ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए स्टार्ट-अप कंपनी टूरी खरीद ली है।

- टूरी मशीन लर्निग एप्लिकेशन को आसानी से मापने के लिए टूल्स का निर्माण करती है।
- इस कदम से एप्पल आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी कंपनियों माइक्रोसॉफ्ट, गूगल व अमेजन का सामना कर सकेगी।

**रैंडस्टेड ने जॉब पोर्टल मॉन्स्टर का अधिग्रहण किया**

एम्स्टर्डम स्थित मानव संसाधन सलाहकार फर्म रेंडस्टेड होल्डिंग्स ने घोषणा की है कि वह 429 मिलियन अमरीकी डालर में जॉब पोर्टल मॉन्स्टर का अधिग्रहण कर रही है।

- अधिग्रहण के बाद, मॉन्स्टर अपने ब्रांड नाम के साथ एक अलग इकाई के रूप में काम करेगी।
- रेंडस्टेड द्वारा इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सौदा पूरा करने की उम्मीद है।

**वोडाफोन और एयरटेल ने शुरु किया e-KYC के तहत सिम देना**

दूरसंचार विभाग के आधार नंबर ई-केवाईसी योजना को मंजूरी देने के बाद देश की दो प्रमुख मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियां एयरटेल और वोडाफोन ने नए सिम को तुरंत एक्टिवेट करना शुरु कर दिया है. यानी दोनों ही कंपनियों ने e-KYC के तहत सिम देना शुरु कर दिया है.

- वोडाफोन शुरु में 4500 स्टोर्स पर यह सुविधा शुरु करेगा. ऐसे में कस्टमर को बेहद कम समय में एक्टिवेट सिम मिल सकेगी.

**कर्नाटक बैंक ने केबीएल- स्माट्र्ज एप्प लांच किया**

मंगलुरु आधारित कर्नाटक बैंक ने केबीएल- स्माट्र्ज एप्प लांच किया जो एनपीसीआई के एकीकृत भुगतान इंटरफेस पर बना है.

- इसे कर्नाटक बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी जयराम भट्ट ने लांच किया.

**ब्रम्हपुत्र की सफाई के लिए वर्ल्ड बैंक देगा 980 करोड़ रुपये**

ब्रम्हपुत्र नदी की सफाई के लिए वर्ल्ड बैंक ने 980 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दे दी है.

- पूर्वोत्तर में व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही बांग्लादेश और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के जलमार्गों के विकास के लिए यह कदम उठाया गया है.

**शीर्ष अमेरिकी ब्रांड में टीसीएस का 58वां स्थान**

शीर्ष 500 बेशकीमती अमेरिकी ब्रांड में भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 58वें पायदान पर रही।

- वर्ष 2015 में टीसीएस का 57वां स्थान था जो इस इस वर्ष एक पायदान फिसल कर 58वां पर आ गया।
- 78.3 अंकों के साथ इसे एए+ रैंक मिली है।

**एनएचएआई ने पैनल सीमेंट कंक्रीट पेवमेंट पर अनुसंधान परियोजना हेतु आईआईटी खड़गपुर से समझौता किया**

एनएचएआई ने राजमार्गों के लिए पैनल सीमेंट कंक्रीट पेवमेंट पर प्रयोगशाला तथा फील्ड निरीक्षण पर अनुसंधान परियोजना हेतु आईआईटी खड़गपुर से समझौता किया है।

- यह अनुसंधान परियोजना तीन वर्षों की है। एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रायल पेवमेंट सेक्शन की निर्माण लागत को छोड़कर परियोजना के लिए 1.25 करोड़ रुपये दिये हैं।

**डीआरडीओ के साथ रेडी टू ईट मील लाएगा रेलवे**

आईआरसीटीसी ने डीआरडीओ के साथ रिटोर्ट टेक्नोलॉजी ट्रांसफर समझौता किया है जिसके तहत रेल मंत्रालय देश के सभी ए और ए वन कैटेगरी स्टेशनों पर रेडी टू ईट सर्विस की शुरुआत करने जा रहा है।

- इसके लिये डीआरडीओ ने आईआरटीसी को दस साल तक के निर्माण के लिये नॉन एक्सक्लुसिव लाईसेंस भी प्रदान किया है।

**हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड ने घाटशिला में निकिल उत्पादन का उद्घाटन किया**

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) ने घाटशिला, झारखंड में भारतीय कॉपर कॉम्प्लेक्स में निकेल, कॉपर और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के एसिड रिकवरी प्लांट का उद्घाटन किया।

- भारत में इस तरह का यह प्रथम रिकवरी प्लांट है जो प्राथमिक संसाधनों से एलएमई ग्रेड की निकेल धातु का उत्पादन करेगा।
- इस परियोजना में पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा और लेड का उपयोग प्रदूषण की जाँच भी की जा सकेगी।
- इससे तरल प्रवाह के प्रभाव को कम कर देगा। इसमे कम ऊर्जा की खपत होगी। ठोस अपशिष्ट 75 प्रतिशत तक कम उत्पन्न होंगे। कार्य करने हेतु सुरक्षित वातावरण प्रदान मिलेगा और प्राकृतिक संसाधनों का  संरक्षण और उपयोग बढेगा।

**सेबी के नए उद्यम पोर्टल का पहला चरण शुरू**

बाजार नियामक सेबी ने आन्तरिक व बाहरी शेयरधारकों तक सूचना समय पर पहुंचाने के लिये नए उद्यम पोर्टल का पहला चरण शुरू कर दिया है।

- टेक महिन्द्रा द्वारा निर्मित पॉर्टल रजिस्टर्ड बिचौलियों को सुरक्षित, पारदर्शी व कागजरहित तरीके से बातचीत करने का प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।

**एसबीआई और ओरेकल मिलकर युवाओं को करेंगे प्रशिक्षित**

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महात्वाकांक्षी योजना 'स्किल इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' के तहत लोगों को डिजिटल प्रशिक्षण मुहैया कराने के लिए कौशल प्रशिक्षण देने वाली कंपनी ओरेकल इंडिया के साथ मिलकर 'डी-चेंज' कार्यक्रम की शुरुआत की है।

- कौशल प्रशिक्षण देने के अलावा महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास पर भी इस कार्यक्रम का विशेष जोर रहेगा।
- यह पहल एसबीआई की वित्तीय विशेषज्ञता और विशाल पहुंच के साथ ओरेकल के प्रौद्योगिकी नेतृत्व के साथ विलय से स्थानीय समुदायों के लिए बड़ा परिवर्तन होगा और एक कुशल अर्थव्यवस्था का विकास होगा।

**दीदी चुक्सिंग ने उबर चाइना का अधिग्रहण किया**

चीन की प्रमुख टैक्सी सेवा प्रदाता कम्पनी दीदी चुक्सिंग ने चीन में उबर की ईकाई का अधिग्रहण किया।

- चीन की कंपनी दीदी चुक्सिंग ने उबर चाइना का अधिग्रहण 35 अरब डॉलर (करीब 2,34,500 करोड़ रुपये) में किया।
- दीदी चुक्सिंग चीन की अग्रणी टैक्सी सेवा प्रदाता कम्पनी है और उसकी यहां के बाजार में 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। इस विलय के पश्चात् उबर द्वारा दीदी चुक्सिंग में 5.89 प्रतिशत हिस्सेदारी भी रखी जाएगी।
- उबर के सीईओ ट्रेविस क्लानिक और दीदी के संस्थापक चेंग वेई एक दूसरे की कंपनियों के बोर्ड में सदस्य होंगे। चुक्सिंग चीन से बाहर उबर में एक अरब डॉलर (लगभग 6,700 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी।

**फ्रीचार्ज ने पेयूबिज के साथ समझौता किया**

भारत के डिजिटल भुगतान मंच फ्रीचार्ज ने अग्रणी भुगतान गेटवे समाधान प्रदाता, पेयूबिज के साथ भागीदारी की है, जिससे वह अपने व्यापारी आधार को मजबूत बनाने और उपभोक्ताओं को डिजिटल भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित कर सकेगी।

- इस एकीकरण के तहत फ्रीचार्ज पेयूबिज के 10, 000 से अधिक ऑनलाइन व्यापारियों का इस्तेमाल कर सकेगा।
- साझेदारी में फ्रीचार्ज एक पारिस्थितिकी तंत्र बनायेगा जहां संगठित और असंगठित व्यापारी नेटवर्क एक सुरक्षित मंच के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक भुगतान स्वीकार कर सकते हैं।

**बैंक ऑफ बड़ौदा ने स्टार्टअप फिज्डम के साथ अनुबंध किया**

भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने निजी संपत्ति प्रबंधन सेवाओं के लिए एक वित्तीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप फिज्डम के साथ करार किया है।

- फिज्डम अनुप्रयोग उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत वित्तीय सलाह के साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के सम्मिश्रण से एक आसान और कागज रहित तरीके से वित्तीय निवेश करने में मदद करता है। यह लोगों को एक रोबो-सलाहकार की मदद से अपने पैसे का प्रबंधन में मदद करता है।
- इसके अलावा, बैंक ने विभिन्न क्षेत्रों में कुशल छह अन्य वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ भी एक समझौता किया है।

**निवेशकों को झांसे से बचाएगी रिजर्व बैंक की वेबसाइट 'सचेत'**

झांसे की दुविधा से निपटने में निवेशकों की मदद के लिए रिजर्व बैंक ने www.sachet.rbi.org.in’ नाम की एक नई वेब साइट शुरू की है।

- इस वेबसाइट से लोग उन इकाइयों के बारे में सूचना हासिल कर सकते हैं जिन्हें लोगों से जमा राशि एकत्रित करने का लाइसेंस मिला हुआ है। इस पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कराने और उसमें चल रही कार्रवाई की स्थिति देखने की भी सुविधा है।

- इस वेबसाइट से वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों और राज्य सरकारों की एजेंसियों के बीच समन्वय बढाने में भी मदद मिलेगी और इस तरह इससे बेइमान व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत जमा योजनाएं चालाने वालों के खिलाफ अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

**घरेलू वित्त के लिये तरुण रामादोराई समिति का गठन**

भारतीय परिवारों के खर्च के पैटर्न की स्टडी करने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एक कमिटी का गठन किया है। कमिटी इस आधार पर रिपोर्ट बनाएगी, जिससे पता चलेगा कि भारत डेवलप्ड और अमीर देशों की सूची में किस स्थान पर है।

- आरबीआई द्वारा जारी बयान में कहा गया कि इस पैनल को तरुण रामादोराई हेड करेंगे, जो ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में फाइनेंशियल इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर हैं। इसके अलावा इसमें आरबीआई, सेबी, इरडा व अन्य फाइनेंशियल सेक्टर रेग्युलेटर्स के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।
- माना जा रहा है कि पैनल अपनी रिपोर्ट जुलाई 2017 तक आरबीआई को सौंप देगा।

**भारतीय रिजर्व बैंक ने छत्तीसगढ़ के जिला सहकारी बैंकों पर 5 लाख का जुर्माना लगाया**

भारतीय रिजर्व बैंक ने रायपुर स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया। सहकारी बैंक को अपने ग्राहकों को जानो (केवाईसी) के नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

- आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार बैंकों में अरबन मरकनटाइल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक है।

**कॉर्पोरेशन बैंक ने समूह बीमा योजना लांच की**

मंगलौर आधारित मध्यम आकार के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, कॉरपोरेशन बैंक ने मंगलौर में भारतीय जीवन बीमा निगम की 'समूह क्रेडिट जीवन बीमा योजना' की शुरूआत की है।

- इसे कॉरपोरेशन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जय कुमार गर्ग द्वारा लांच किया गया।
- योजना को शुरू में मंगलौर क्षेत्र की सभी शाखाओं में उपलब्ध कराया गया है। बाद में इसे बैंक की सभी शाखाओं तक बढ़ाया जाएगा।
- यह योजना 18-60 वर्ष के आयु समूह के ग्राहकों के लिये, जिन्होनें बैंक से ऋण ले लिया है , उपलब्ध है।

**विनोद राय आईडीएफसी बैंक के बोर्ड से इस्तीफा**

पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक विनोद राय ने निजी क्षेत्र के ऋणदाता आईडीएफसी बैंक के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया।

- राय आईडीएफसी लिमिटेड के चेयरमैन बने रहेंगे ।
- वे संयुक्त राष्ट्र के बाहरी लेखापरीक्षकों के अध्यक्ष हैं। वे रेलवे काया कल्प परिषद के सदस्य भी है।

**सरकार ने पांच साल के लिए मुद्रास्फीति को चार फीसदी के आसपास रखने का लक्ष्य निर्धारित किया**

वित्त मंत्रालय ने बताया कि गजट अधिसूचना जारी कर 31 मार्च 2021 तक के लिए महंगाई दर चार प्रतिशत रखने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। हर पांच साल में रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ सलाह-मशविरे के आधार पर सरकार यह महंगाई का नया लक्ष्य निर्धारित करती है।

- केंद्र सरकार ने बैंक के साथ विचार-विमर्श कर अधिसूचना प्रकाशित होने की तारीख से 31 मार्च, 2021 तक के लिए मुद्रास्फीति का यह लक्ष्य तय किया है।

**रेल मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार ने संयुक्त उद्यम कंपनियों के गठन हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए**

रेल मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ राज्य में रेल अवसंरचना के विकास के लिए एक संयुक्त उद्यम की स्थापना को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। जिसका उद्देश्य परियोजना विकास पर ध्यान केंद्रित करना, संसाधन जुटाना, भूमि अधिग्रहण, परियोजना का क्रियान्वयन और महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं की निगरानी करना है।

- छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में सचिव और छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री के सचिव सुबोध कुमार सिंह ने इस समझौते पर दस्तखत किए।
- एमओयू के मुताबिक एक संयुक्त कंपनी की स्थापना की जाएगी, जिसमें 51 फीसदी शेयर राज्य सरकार का होगा और बाकी रेल मंत्रालय का होगा।

**आईबीएम द्वारा भारत में पहला वैश्विक विकास केंद्र स्थापित**

आईबीएम ने एपल के साथ भारत में डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने के लिए साझेदारी में बेंगलुरु में पहले वैश्विक विकास केंद्र की शुरुआत की ।

- केंद्र का उद्देश्य मुख्य रूप से भारत में ग्राहकों को पूरा डिजिटल गतिशीलता प्रक्रिया मंच प्रदान करना है।
- आईबीएम चीन, रोमानिया, और ब्राजील सहित कई अन्य देशों में उपग्रह केन्द्रों को लांच करने की योजना बना रही है।

**तेलंगाना में जल संसाधनों की निगरानी के लिए इसरो से भागीदारी**

तेलंगाना जल संसाधन सूचना प्रणाली (टीडब्ल्यूआरआईएस) विकसित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के राष्ट्रीय दूरसंवेदी केंद्र (एनआरएससी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

- तेलंगाना के सिंचाई मंत्री हरीश राव और इसरो के अध्यक्ष किरण कुमार की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।
- यह इसरो के जियो मंच 'भुवन' पर ऑनलाइन होगा और इसके जरिए हर बांध, बैराज, मुख्य नहर और अन्य संसाधनों की तस्वीरें ली जा सकेंगी।

**रिलायंस इंडस्ट्रीज पर 2500 करोड़ का जुर्माना**

दी सरकार ने मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज पर केजी बेसिन के डी-6 फील्ड से लक्ष्य से कम गैस उत्पादन करने पर 380 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानि करीब 2500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया है।

- इसे मिलाकर अब कुल जुर्माना करीब 17 हजार करोड़ रुपये हो गया है। 1 अप्रैल 2010 से रिलायंस और उत्पादन से जुड़ी बाकी कंपनियां हर साल टार्गेट से कम गैस उत्पादन कर रही हैं।

**रिजर्व बैंक ने चार सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया**

रिजर्व बैंक ने विभिन्न नियमों के उल्लंघन को लेकर चार सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया है।

- को-अपरेटिव सिटी बैंक, गुवाहाटी पर पांच लाख रुपये, इंदापुर अरबन को-अपरेटिव बैंक पर दो लाख रुपये, जलगांव जिले के पचोरा स्थित श्री दादासाहेब गजमाल को-अपरेटिव बैंक पर एक लाख रुपये तथा मॉडल को-अपरेटिव अरबन बैंक पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**यूनीलीवर ने स्वीडन की कम्पनी ब्लू एयर के अधिग्रहण की घोषणा की**

उपभोक्ता वस्तु बनाने वाली यूनीलीवर ने स्वीडन की एयर प्यूरीफायर समाधान उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कम्पनी ब्लूएयर का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। इस सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया गया है।

- इस अधिग्रहण के साथ ही कंपनी एयर प्यूरीफायर क्षेत्र में कदम रखेगी।
- यूनीलीवर इंग्लैंड व हॉलैंड की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जो डिब्बाबंद घरेलू ग्राहक उत्पादों का निर्माण करती है। इसके मुख्यालय संयुक्त रूप से लंदन, इंग्लैंड व रॉटरडैम, हॉलैंड में स्थित हैं।

**एसबीआई बोर्ड ने दी 5 सहयोगी बैंकों के विलय को मंजूरी**

भारतीय स्टेट बैंक बोर्ड ने पांच सहयोगी बैंकों और भारतीय महिला बैंक (बीएमबी) को अपने साथ मिलाने की योजना को मंजूरी दे दी।

- बैंक के बोर्ड ने तीन लिस्टेड सहयोगी बैंकों और भारतीय महिला बैंक के साथ शेयर स्वैप अनुपात को भी मंजूरी दे दी है।
- एसबीबीजे के 10 रुपए वाले 10 शेयरों के बदले एसबीआई के एक रुपए वाले 28 शेयर मिलेंगे।
- एसबीएम और एसबीटी के शेयरधारकों को 10 शेयरों के बदले एसबीआई के 22 शेयर मिलेंगे।

**दोहा बैंक कोच्चि में खोलेगा शाखा**

दोहा बैंक क्यूएससी केरल में अपनी पहली शाखा कोच्चि में खोलने जा रहा है।

- बैंक कॉर्पोरेट व रिटेल ग्राहकों को सभी सुविधायें उपलब्ध करायेगा। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन 27 अगस्त को बैंक की कोच्चि शाखा का उद्घाटन करेंगे, जो लूलू मॉल में है।

**दुनिया बदलने वाली कंपनियों में शामिल 2 इंडियन, फॉर्च्यून ने जारी की लिस्ट**

फॉर्चुन पत्रिका की शीर्ष 50 कंपनियों की सूची में दो भारतीय कंपनियों, सिप्ला तथा गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, को भी जगह मिली हैं। ये वे कंपनियां हैं जो अपने मुख्य व्यापार रणनीति के तहत वैश्विक सामाजिक समस्याओं का समाधान भी कर रही हैं।

- सूची में औषधि कंपनी सिप्ला 46वें जबकि गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 48वें स्थान पर है।
- दूसरी सलाना 'चेंज द वर्ल्ड' सूची में ब्रिटेन की ग्लैक्सो स्मिथकलाइन शीर्ष पर है। सूची में शामिल अन्य कंपनियों में नेस्ले पाचवें व मास्टर कार्ड सातवें स्थान पर है।

**रेलवे अपने धरोहर को प्रदर्शित करने के लिए करेगा गूगल से पार्टनरशिप**

रेलवे डिजिटल मंचों पर अपनी विरासतों को प्रदर्शित करने और उनका डिजटलीकरण के लिए गूगल के साथ हाथ मिलाएगा।

- भारतीय रेलवे के पास पुलों, भाप इंजनों, भवनों, कलाकृतियों और संग्रहालयों जैसे ढेरों विरासत हैं जिन्हें वैश्विक दर्शकों के लिए प्रदर्शित किया जा सकता है।

**इंटेल ने भारतीय मूल के उद्यमी का एआई स्टार्टअप खरीदा**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में ध्यान देते हुए चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल ने केलिफोर्निया की सैनडियागो स्थित स्टार्ट अप नेर्वाणा सिस्टम्स को खरीद लिया है, जिसे एक भारतीय मूल के उद्यमी ने शुरू किया था।

- इस सौदे की रकम का कंपनी ने हालांकि खुलासा नहीं किया है। लेकिन री/कोड रिपोर्ट के मुताबिक सॉफ्टवेयर क्षेत्र की इस बड़ी कंपनी ने क्वॉलकॉम के पूर्व रिसर्चर नवीन राव से नेर्वाणा को खरीदने के लिए 40 करोड़ डॉलर से अधिक की रकम चुकाई है।

**रिजर्व बैंक सरकार को 65,876 करोड़ का अधिशेष देगा**

भारतीय रिजर्व बैंक निवेश के जरिए सृजित 65,876 करोड़ रपए का अपना अधिशेष सरकार को हस्तांतरित करेगा। हालांकि यह पिछले वित्त वर्ष से थोड़ा कम है।

- इस अधिशेष राशि की घोषणा रघुराम राजन की अध्यक्षता में हुई आरबीआई बॉर्ड की 559वीं बैठक में की गई।
- यह अधिशेष राशि रिजर्व बैंक की निवेश गतिविधियों के जरिये सृजित हुई। रिजर्व बैंक अमेरिकी ट्रेजरी बिल जैसे सरकारी बांड में निवेश करता है।

**नाबार्ड ने पंजाब सरकार को 26.06 करोड़ का आरआईडीएफ ऋण मंजूर किया**

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पंजाब सरकार को 26.06 करोड़ रुपए के आरआईडीएफ ऋण मंजूर किए हैं।

- पंजाब में जल जमाव की समस्या से निपटने और निचले इलाकों में लिफ्ट योजनाओं के निर्माण, गांव के तालाबों और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए ऋण मंजूर किए गये हैं।
- इसका उपयोग मुक्तसर व फजिल्का जिलों के 87 गावों में 5913 हेक्टेयर जमीन पर किया जायेगा।

**कोटक महिंद्रा बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप पर फ्लिपकार्ट**

कोटक महिंद्रा बैंक (केएमबी) ने घोषणा की कि इसके मोबाइल बैंकिंग एप में अब फ्लिपकार्ट की मोबाईल साइट भी उपलब्ध हो गई है। अब इसके बाद उपभोक्ताओं को सुरक्षित इन-एप शापिंग का वातावरण प्राप्त हो जाएगा।

- बैंक अपने मोबाइल बैंकिंग एप पर अपनी पेशकशों का विस्तार कर रहा है और यह कदम इसके एमस्टोर को और अधिक मजबूत बनाएगा, जो एयर टिकट, होटल एवं बस टिकट की बुकिंग पहले से ही प्रदान करता है।
- उपभोक्ता फ्लिपकार्ट के द्वारा आकर्षक कीमतों के अलावा विशेष पीरियडिकल ऑफरों का लाभ भी ले सकते हैं। केएमबी के मोबाइल बैंकिंग एप द्वारा फ्लिपकार्ट पर शॉपिंग करने से कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लगता है।

**सिंडीकेट बैंक ने "प्रोजेक्ट अनन्य" की शुरूआत की**

भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंक, सिंडिकेट बैंक ने बेहतर ग्राहक सेवा और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के क्षेत्र में नवीनतम पेशकश पर केंद्रित "प्रोजेक्ट अनन्या" नामक एक प्रोग्राम शुरू किया है।

- अगले 2 साल में "प्रोजेक्ट अनन्य" युवा पीढ़ी के उन तेजी से बदलते ग्राहकों की जरूरत है, जो और अधिक तकनीक प्रेमी हैं और ऑनलाइन बैंकिंग पसंद करते हैं।
- बैंक अगले 6-12 महीनों में अपनी शाखाओं 10% को नए स्वरूप में बदलने की योजना बना रही है।

**एसबीआई, कोरिया विकास बैंक ने व्यापार संभावनाओं के लिए हाथ मिलाये**

देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय स्टेट बैंक ऋणदाता और कोरिया विकास बैंक ने व्यापार सहयोग को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- समझौता एसबीआई चेयरमैन अरुंधति भट्टाचार्य और कोरिया विकास बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और चेयरमैन, ली डोंग-जीओल के बीच हुआ।
- इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, भारतीय स्टेट बैंक और कोरिया विकास बैंक दोनों को बाजारों के लिए सीधी पहुँच प्राप्त होगी, और विशाल संयुक्त नेटवर्क का उपयोग करके विदेशों में अपने कारोबार का विस्तार करने में सक्षम हो जाएंगे।
- इस संबंध में, दोनों बैंक भारत में एक कोरिया डेस्क की स्थापना करेंगे।

**साउथ इंडियन बैंक, एसबीआई कार्ड को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लांच करेंगे**

कोच्चि आधारित अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक साउथ इंडियन बैंक, और एसबीआई कार्ड, भारत के अग्रणी क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने साउथ इंडियन बैंक के ग्राहकों के लिए सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के शुभारंभ की घोषणा की।

- इस गठबंधन के माध्यम से साउथ इंडियन बैंक और एसबीआई साउथ इंडियन बैंक प्लेटिनम एसबीआई कार्ड और साउथ इंडियन बैंक सिम्पलीसेव एसबीआई कार्ड नामक दो वेरिएंट वीज़ा कार्ड मंच लॉन्च करेगी।

**यूनियन बैंक आफ इंडिया ने एंड्रायड आधारित ’99# मोबाइल ऐप लान्च किया**

देश की सभी खुदरा भुगतान प्रणाली के छत्र संगठन, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) व यूनियन बैंक आफ इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए यूएसएसडी आधारित ’99# मोबाइल एप्लिकेशन लान्च किया है।

- यह ऐप Union Bank *99# के रूप में प्ले स्टोर से डाउनलोड किये जाने के लिए उपलब्ध है तथा इसे इस्तेमाल करने के लिये इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होगी।

**राष्ट्रीय पेंशन योजना अब न्यूनतम 1,000 रुपए वार्षिक किश्त में**

राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में ज्यादा से ज्यादा लोगों को आकर्षित करने के लिए के लिए पीएफआरडीए ने इस योजना में न्यूनतम वार्षिक अंशदान को उल्लेखनीय रूप से घटाकर 1,000 रुपए कर दिया।

- एनपीएस के प्रथम श्रेणी के खातों को परिचालन में बनाए रखने के लिए अब तक हर वित्त वर्ष में कम से कम 6,000 रुपए का योगदान अनिवार्य था।
- प्रथम श्रेणी स्थानीय सेवानिवृत्ति खाता है जिससे पहले नहीं निकाला जा सकता है और इस खाते में राशि जमा की जाती है तथा अंशदाता के विकल्प के आधार पर निवेश किया जाता है।
- दूसरी श्रेणी की पेंशन योजना में बचत खाते में वर्ष के अंत में न्यूनतम 2,000 रुपए के अधिशेष के साथ साथ 250 रुपए का वार्षिक अंशदान अनिवार्य था।

**IRDA ने भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया**

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर आउटसोर्सिंग गतिविधियों और कंपनी संचालन के दिशानिदेर्शों समेत कई अन्य नियमों का उल्लंघन करने के लिए 35 लाख रपये का जुमार्ना लगाया है।

- कंपनी पर यह जुर्माना दिसंबर 2012 से मार्च 2013 के बीच की अवधि की जांच के दौरान पाए गए नियमों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है।

# नियुक्तियां

**आनंद सिन्हा बने IDFC बैंक के स्वतंत्र निदेशक**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर आनंद सिन्हा ने निजी क्षेत्र के आईडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर शामिल हुए हैं।

- उनकी नियुक्ति 1 अगस्त से प्रभावी मानी जायेगी।

- पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कैग राय उसके निदेशक मंडल में बैंक की प्रवर्तक कंपनी आईडीएफसी लिमिटेड के प्रतिनिधि थे। बैंक बोर्ड ब्यूरो का प्रमुख नियुक्त किए जाने के बाद दोनों पदों को लेकर ' हितों के किसी प्रकार के टकराव' से बचने के लिए उन्हें बैंक के निदेशक मंडल से इस्फीता दे दिया है।

**दिनेश कुमार खारा एसबीआई के प्रबंध निदेशक नियुक्त**

दिनेश कुमार खारा को भारतीय स्टेट बैंक का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

- कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के आदेश के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने खारा को तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया है। उनके कामकाज की समीक्षा के बाद कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।
- वह फिलहाल एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्राइवेट लि. के प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं।
- अशोक कुमार गर्ग तथा राज कुमार वर्मा को क्रमश बैंक आफ बड़ौदा तथा यूनियन बैंक आफ इंडिया का कार्यकारी निदेशक ईडी नियुक्त किया गया है।
- गोपाल मुरली भगत तथा हिमांशु जोशी को क्रमश कारपोरेशन बैंक तथा ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स का ईडी नियुक्त किया गया है।

**के एम हनुमंथारयप्पा केन्द्रीय रेशम बोर्ड के नए चैयरमेन नियुक्त**

के एम हनुमंथारयप्पा को तीन साल की अवधि के लिए कपड़ा मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय रेशम बोर्ड का नया चैयरमेन नियुक्त किया गया है।

- वह केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 25वें चैयरमेन हैं।
- वह एक बुनकर है और एन एस बिस्सेगोडा का स्थान लेंगे।

**पीडी गुप्ता होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट के कुलपति नियुक्त**

मशहूर वैज्ञानिक पी डी गुप्ता को मुम्बई के होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट (एचीबीआईएन) का कुलपति नियुक्त किया गया।

- एचबीआईएन परमाणु उर्जा विभाग का सहायता प्राप्त संस्थान है और वह यूजीसी अधिनियम के तहत मानद विश्वविद्यालय है।

**पी कुमारन कतर में भारत के राजदूत नियुक्त**

भारतीय विदेश सेवा के पी कुमारन जो वर्तमान में मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं, को कतर में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है.

- उनके जल्दी ही पदभार ग्रहण करने की उम्मीद है.

**शर्मिला टैगोर बीसीसीसी की सदस्य बनीं**

फिल्म अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, थिएटर कार्यकर्ता अरुधंति नाग और फिल्म अध्ययन से जुड़ी शिक्षाविद इरा भास्कर को ब्रॉडकास्टिंग कंटेंट कम्प्लेंट्स काउंसिल (बीसीसीसी) के नए सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

- स्टार इंडिया के अध्यक्ष उदय शंकर की अध्यक्षता वाले इंडियन ब्रॉडकास्टिंग फेडेरेशन (आईबीएफ) के निदेशक मंडल ने तीन वर्ष के लिए इन तीनों को नियुक्त किया है।

**पवन मुंजाल हीरो मोटो कार्प के सीएमडी, सीईओ पद पर फिर से नियुक्त**

दोपहिया वाहन बनाने वाली हीरो मोटो कार्प ने पवन मुंजाल को चेयरमैन, प्रबंध निदेशक सीएमडी तथा सीईओ फिर से पांच साल के लिये नियुक्त किया है। मुंजाल का मौजदा कार्यकाल इस साल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा था।

- साथ ही कंपनी के परिचालन एवं आपूर्ति श्रृंखला के प्रमुख विक्रम कासबेकर को पदोन्नत कर निदेशक मंडल में शामिल किया गया है।
- इन दोनों के अलावा कंपनी ने नीरजा शर्मा को कंपनी सचिव व मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त किया है।

**न्यायमूर्ति इकबाल अहमद अंसारी ने पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ग्रहण की**

न्यायमूर्ति इकबाल अहमद अंसारी ने पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल रामनाथ कोविंद ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।

- पटना उच्च न्यायालय के 39वें मुख्य न्यायाधीश बनने से पहले वे कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर कार्यरत थे। न्यायमूर्ति अंसारी 29 अक्टूबर 2016 को सेवानिवृत होंगे।

**मुकेश मेहता भारत बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त**

मुकेश मेहता को भारत बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। वह IBJA के बोर्ड में एक निदेशक भी है।

- मेहता मोहित कम्बोज, जिन्होनें 24अगस्त 2016 को IBJA की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में इस्तीफा दे दिया, की जगह लेंगे।

**एसएन सुब्रमण्यन लार्सन एंड टुब्रो के अगले प्रमुख के रूप में नियुक्त**

भारतीय बहुराष्ट्रीय समूह लार्सन एंड टुब्रो ने एस एन सुब्रमण्यन को अक्टूबर से भारत की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा इंजीनियरिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त किया है।

- सुब्रमण्यन की नियुक्ति कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक केवी वेंकटरमनन के अवकाश ग्रहण करने के कारण की गई है।

**पैलेट गन के विकल्प सुझाने के लिए टीवीएसएन प्रसाद समिति का गठन**

गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन (छर्रों वाली बंदूक) के विकल्प को सुझाने के लिए एक समिति का गठन किया है।

- टीवीएसएन प्रसाद को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है तथा यह दो महीनों में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।
- हाल ही में कश्मीर घाटी में प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन (Pellet Guns) के इस्तेमाल के तीव्र विरोध के कारण सरकार को यह समिति गठित करनी पड़ी है।

**यूरिको कोईके टोक्यो की पहली महिला गवर्नर नियुक्त**

जापान की पूर्व रक्षा मंत्री यूरिको कोइके टोक्यो की पहली महिला गवर्नर चयनित की गयीं। वे जापान की राजधानी टोक्यो की पहली महिला गवर्नर होंगी।

- कोईके को इन चुनावों में 2.9 मिलियन वोट प्राप्त हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी हिरोया मसुदा एवं शुंतारो टोरीगोए को बड़े अंतर से हराया।
- वे 1993 से 2016 तक जापान में हाउस ऑफ़ रिप्रेजेंटेटिव्स की सदस्य रहीं।

**रानी सिंह नायर सीबीडीटी की नई चेयरपर्सन**

वरिष्ठ आईआरएस अफसर रानी सिंह नायर सीबीडीटी की चेयरपर्सन बनाई गई हैं। उन्होंने अतुलेश जिंदल की जगह ली है जो रिटायर हो गए।

- 1979 बैच की अधिकारी रानी अभी तक सीबीडीटी की मेंबर थीं। फिलहाल रानी को कार्यकारी प्रमुख बनाया गया है।

**दिलीप रथ को एनडीडीबी के अध्यक्ष के रूप में अतिरिक्त प्रभार**

दिलीप रथ ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार ने एक नियमित नियुक्ति होने तक उन्हें पद का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

- पिछले सप्ताह टी नंदकुमार ने पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने पर इस्तीफा दे दिया। तभी से चेयरमैन का पद रिक्त था।

- रथ वर्तमान में एनडीडीबी के प्रबंध निदेशक है।

**पीवी सिंधु बनेंगी CRPF में कमांडेंट**

रियो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाली पीवी सिंधु को सीआरपीएफ कमांडेंट का पद देगी। ऐसा पहली बार है जब सीआरपीएफ किसी खिलाड़ी को ब्रांड एम्बैसेडर बनाएगी।

- इसे लेकर सीआरपीएफ ने गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा है. प्रस्ताव पर अंतिम मुहर राष्ट्रपति लगाएंगे. इसके लिए 10 से 15 दिनों के भीतर मंजूरी मिल जाएगी।

**अनंत माहेश्वरी होंगे माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष**

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने हनीवेल के पूर्व शीर्ष कार्यकारी अनंत माहेश्वरी को अपने भारतीय परिचालन का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

- माहेश्वरी माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के चेयरमैन भास्कर प्रमाणिक से परिचालन की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रमाणिक मार्च, 2017 में सेवानिवृत्त होंगे।
- माहेश्वरी एक सितंबर से माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ेंगे और वे 1 जनवरी, 2017 से परिचालन की जिम्मेदारी संभालेंगे।
- माहेश्वरी माइक्रोसॉफ्ट के उत्पाद, सेवा और सपोर्ट पेशकश का कामकाज देखेंगे।

**भास्कर खुल्बे प्रधानमंत्री के सचिव नियुक्त**

श्री भास्कर खुल्बे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सचिव होंगे। श्री खुल्बे, जो 1983 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के आईएएस अधिकारी हैं, अभी प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 7 अगस्त से लागू नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।
- श्री भास्कर खुल्बे कैबिनेट सचिवालय से संबंधित और सरकार के क्षेत्रों के काम देखेंगे।

**खांडू ने मंत्रिमंडल में 10 मंत्री शामिल किए**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नबम रेबिया समेत 10 मंत्रियों को शामिल किया।

- जिन सदस्यों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है, उनमें तंगा बयालिंग, राजेश टाको, नबाम रेबिया, होनचुन नगन्दम, वांगकी लोवांग, कमलंग मोसांग, तंपंग तलोह, कुमार वाई, तकम पारियो और जोम्दे केना शामिल हैं। इन सभी को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है।

**केरल प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किए गए वी एस अच्युतानंदन**

केरल में माकपा की अगुवाई वाली वाम मोर्चा सरकार ने वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वी एस अच्युतानंदन को राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। अच्युतानंदन को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है।

- अच्युतानंदन को नवगठित आयोग का अध्यक्ष नियुक्त करने के अलावा पूर्व मुख्य सचिव सी पी नायर और नीला गंगाधरन को सदस्य बनाया गया है।
- यह फैसला तब लिया गया है जब सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए पिछले महीने राज्य विधानसभा में विधानसभा अयोग्यता की समाप्ति संशोधन विधेयक पेश किया था।

**पुष्प कमल प्रचंड नेपाल के नए प्रधानमंत्री चुने गए**

नेपाल में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को नेपाल का 24वां प्रधानमंत्री चुना गया।

- प्रचंड के पक्ष में 363 और विरोध में 210 मत थे। प्रचंड इसके साथ ही सात साल बाद दूसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं।
- नेपाल की संसद की सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस और तराई के क्षेत्रीय राजनीतिक गुट मधेसी मोर्चा के समर्थन से प्रचंड की जीत सुनिश्चित हुई तथा वह राष्ट्रपति से पद की शपथ लेंगे।

**डीके गायन पूर्व मध्यरेल के नए जीएम बने**

डीके गायन ने पूर्व-मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में पदभार ग्रहण कर लिया।

- अब तक राजीव मिश्रा के पास इसका अतिरिक्त प्रभार था
- इससे पहले वे दक्षिण-पूर्व रेलवे, कोलकाता में मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के पद पर पदस्थापित थे।

**नीता अंबानी अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की पहली भारतीय महिला सदस्य बनीं**

भारत में खेलों को प्रोत्साहन देने वाली एवं रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक नीता अंबानी को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का व्यक्तिगत सदस्य चयनित किया गया। उन्हें रियो डी जेनेरियो में आईओसी की 129वीं बैठक में यह पद प्रदान किया गया।

- उन्हें जून 2016 में आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने नामांकित किया था। भारत की ओर से एकमात्र महिला व्यक्तिगत सदस्य नीता 70 वर्ष की आयु तक आईओसी की सदस्य रहेंगी।
- सर दोराबजी टाटा आईओसी में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले भारतीय थे। राजा रणधीर सिंह 2000-2014 तक इस अंतर्राष्ट्रीय संस्था के मानद सदस्य रहे।

**सुधांशु मणि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के महाप्रबंधक नियुक्त**

सुधांशु मणि को को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के महाप्रबंधक नियुक्त किया गया।

- मणि ने रेल व्हील फैक्टरी, येलाहंका, बेंगलुरू में मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के रूप में भी काम किया है। सुधांशु मणि मैकेनिकल इंजीनियर्स के भारतीय रेल सेवा के 1979 बैच से है।
- उन्हें भारतीय रेलवे में 36 वर्ष का अनुभव है। उन्हें कार्यशाला प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी काम किया है। उन्होंने सलाहकार (मंत्री) के रूप में बर्लिन, भारतीय दूतावास, जर्मनी में काम किया है।

**विजय रूपाणी गुजरात के नए मुख्यमंत्री बने**

6 वर्षीय बीजेपी नेता  विजय रूपाणी ने महात्म मन्दिर गांधीनगर में गुजरात के नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

- राज्यपाल ओपी कोहली ने उन्हें पद व गोपनियता की शपथ दिलाई।
- नितिन पटेल ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

**केके खुराना भेल कारपोरेट आर एंड डी प्रमुख**

केके खुराना, प्रभारी महाप्रबंधक, ने भेल कारपोरेट रिसर्च एंड डवलपमेंट प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

- इससे पहले, वह परियोजना इंजीनियरिंग प्रबंधन (पीईएम) व अन्य क्षेत्रों में तकनीकी सेवा में शामिल थे।
- उनको थर्मल पावर प्लांट परियोजनाओं में व्यापक अनुभव है।

**चार राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त**
हाल ही में चार नए राज्यों में राज्यपालों को नियुक्त किया गया है।

- बनवारीलाल पुरोहित-असम
- वी.पी. सिंह बदनौर-पंजाब
- जगदीश मुखी-अंडमान और निकोबार
- नजमा हेपतुल्ला-मणिपुर

**रघुराम राजन के बाद उर्जित पटेल होंगे RBI के अगले गवर्नर**

वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि उर्जित पटेल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए गवर्नर होंगे।

- वह रघुराम राजन का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 4 सितंबर को खत्म हो रहा है।
- उर्जित पटेल भारतीय रिजर्व बैंक के 24वें गवर्नर होंगे।
- उर्जित पटेल 52, फिलहाल आरबीआई के डिप्टी गवर्नर हैं। उन्हें जनवरी में रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में तीन साल का विस्तार दिया गया था।

**पीएम मोदी खुद होंगे 'अतुल्य भारत' के नए ब्रांड एंबेसडर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की 'अतुल्य भारत' अभियान के ब्रांड एंबेसडर होंगे। इसकी औपचारिक घोषणा कर दी गई है।

- पर्यटन मंत्रालय की एड फिल्मों व प्रचार अभियान में मोदी का चेहरा इस्तेमाल किया जायेगा तथा गुजरात पर्यटन की उपलब्धियां भी गिनाई जायेगी।

**अमूल के एमडी बने पोस्ट पेमेंट बैंक के स्वंतत्र निदेशक**

अमूल के एमडी आरएस सोढ़ी को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है।

- वे पांच स्वतंत्र निदेशकों में से एक हैं। डाक विभाग का यह बैंक मार्च 2017 से काम करना शुरू कर देगा।
- आधुनिक बैंकिंग तकनीक के सहारे इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का उद्देश्य भारत का सर्वाधिक पहुंच वाला बैंक बनना है।

**योगेश्वर सांगवान जॉर्जिया में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त**

श्री योगेश्वर सांगवान, वर्तमान में आर्मेनिया के गणराज्य में भारत के राजदूत, को समवर्ती जॉर्जिया में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। वे येरेवान (आर्मेनिया) में रहते हुए कार्यभार संभालेंगे।

- जॉर्जिया यूरेशिया के काकेशस क्षेत्र में एक देश है जो पश्चिमी एशिया और पूर्वी यूरोप के चौराहे पर स्थित है।

**विस्तारा एयरलाइंस की ब्रांड एम्बेसडर बनी दीपिका पादुकोण**

टाटा संस की गुडगांव स्थित एयरलाइंस विस्तारा ने बालीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा कर दी है।

- एयरलाइन ने दीपिका के साथ पूरे भारत में टीवी चैनलों पर 22 अगस्त, 2016 से एक नये प्रचार अभियान का शुभारंभ किया है।
- विस्तारा में टाटा संस की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि बाकि सिंगापुर एयरलाइंस की हिस्सेदारी है।

**सरकार ई-वाणिज्य नियामकों की समीक्षा के लिए करेगी समिति का गठन**

सरकार ने एक समिति के गठन का फैसला किया है जो देश में तेजी से वृद्धि दर्ज करते ई-वाणिज्य उद्योग से जुड़े प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मानदंड समेत सभी मुद्दों पर विचार करेगी।

- समिति की अध्यक्षता नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अमिताभ कांत करेंगे। इस समिति के अन्य सदस्यों में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी आदि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।समिति में महाराष्ट्र तथा कर्नाटक समेत चार राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

- समिति ई-वाणिज्य क्षेत्र से जुड़े एफडीआई समेत सभी मुद्दों पर विचार करेगी। समिति इस क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने के संबंध में तरीके सुझाएगी

**जातिगत जनगणना के लिए बनाई एक्सवपर्ट कमेटी**

केन्द्र सरकार देश में जातिगत आधार पर जनगणना के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाई है। कमेटी जातिगत आधार पर जनगणना के आंकड़ों की छंटाई करेगी। सामाजिक, आर्थिक आधार पर वर्गीकरण करेगी।

- इसके अध्यक्ष नीति आयोग के वाइस चेयरमैन अरविंद पानगडिया होंगे।

**तकेहिको नकाओ एडीबी अध्यक्ष के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए निर्वाचित**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के गवर्नरों के बोर्ड ने सर्वसम्मति से तकेहिको नकाओ को 24 नवंबर 2016 को शुरु होने वाले 5 वर्ष कार्यकाल के लिए फिर से एडीबी के अध्यक्ष के रूप निर्वाचित किया है।

- नकाओ को पहले साढे तीन साल की सेवा के लिए 28 अप्रैल 2013 को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया था।
- वह एडीबी के 9वें अध्यक्ष है और एडीबी के गवर्नर्स संगठन को जब के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने के लिए आमंत्रित किया गया था तो वह एकमात्र प्रतिनिधि थे।

**जोशी बने भेल के डायरेक्टर पॉवर**

बिजली संयंत्र उपकरण निर्माता, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने निदेशक (पॉवर) के रूप में अखिल जोशी को नियुक्त किया है।

- इस से पहले जोशी, 57 के भेल में मानव संसाधन कार्यकारी निदेशक (ईडी) थे।
- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भारत सरकार के स्वामित्व में, एक बिजली संयंत्र उपकरण निर्माता है और नई दिल्ली में एक इंजीनियरिंग और विनिर्माण कंपनी के रूप में कार्य कर रही है।

**साइना नेहवाल आईटीसी के सेवलॉन की ब्रांड एंबेसडर बनी**

आईटीसी के प्रमुख स्वास्थ्य एवं स्वच्छता ब्रांड, सेवलॉन ने अपनी ब्रांड एंबेसडर के रूप में शटलर साइना नेहवाल के नाम की घोषणा की है।

- अपने नए अभियान में, सेवलॉन माता-पिता को अपने डर दूर करने को प्रेरित करेगा और बच्चों को अपनी सीमा बढ़ाने और जीवन में सफल होने के लिए अपनी क्षमता को अधिकतम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

**बिरेन्द्र सिंह घाना में उच्चायुक्त नियुक्त**

1997 बैच के आईएफएस अधिकारी बीरेंद्र सिंह यादव जो वर्तमान में मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत है, को पश्चिम अफ्रीका के घाना गणराज्य के लिए भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।

- यादव घाना में जीवा सागर की जगह नियुक्त किये गये हैं।

**केंद्र सरकार ने व्यापार सुविधा पर राष्ट्रीय समिति का गठन किया**

केंद्र सरकार ने व्यापार सुविधा पर एक राष्ट्रीय समिति (NCTF) का गठन किया है जो व्यापार सुविधा के लिए अखिल भारतीय रोड मैप का विकास करेगी।

- इसका विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के व्यापार सुविधा समझौते (एफटीए) की लाइन में गठन किया गया है, जिसका भारत ने भी समर्थन किया था।
- NCTF व्यापार सुविधा पर अंतर - मंत्रिमंडल बॉडी है और प्रदीप कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में इसका गठन किया गया है।

**मंजुला चेल्लुर बंबई उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश नियुक्त**

न्यायमूर्ति मंजुला चेल्लुर को बंबई उच्च न्यायालय की नई मुख्य न्यायाधीश के रूप में चयनित किया गया है। वर्तमान में, वह कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश है।

- वह मुख्य न्यायाधीश धीरेंद्र हीरालाल वाघेला, जो 24 अगस्त 2016को सेवानिवृत्त होंगे, की जगह लेंगी। वह 1994 में सुजाता मनोहर के बाद बंबई हाई कोर्ट की दूसरी महिला मुख्य न्यायाधीश बनेगी।

# पुरस्कार

**सुब्बुलक्ष्मी को संयुक्त राष्ट्र में ए आर रहमान श्रद्धांजलि देंगे**

दिग्गज गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी को भारत के 70वें स्वतंत्रा दिवस पर संयुक्त राष्ट्र में याद किया जाएगा। आस्कर विजेता ए आर रहमान वैश्विक संस्था की आमसभा में अपनी प्रस्तुति से उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

- इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुति देने वाले रहमान एमएस सुब्बुलक्ष्मी के बाद दूसरे भारतीय कलाकार होंगे।
- सुब्बुलक्ष्मी को संयुक्त राष्ट्र में पहली बार प्रस्तुति देने का अवसर मिला था। उन्हें 50 साल पहले संयुक्त राष्ट्र के तत्कालीन महासचिव यू थांत ने आमंत्रित किया था।
- सुब्बुलक्ष्मी भारत रत्न पाने वाली पहली कलाकार थीं।

**रहमान तमिल रत्न पुरस्कार से सम्मानित**

संगीतकार और ऑस्कर विजेता ए आर रहमान को अमेरिका तमिल संगम की ओर से तमिल रत्न पुरस्कार से नवाजा गया है।

- ए. आर. रहमान ने एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी को सम्मानित करने के लिए 70वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर खचाखच भरे प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र महासभा के हॉल में अपनी प्रस्तुति दी थीं।

**वीरेंद्र सहवाग को एमसीसी की आजीवन सदस्यता**

भारत के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है।

- सहवाग को 104 टेस्ट, 251 वनडे व 19 अंतर्राष्ट्रीय ट्वंटी 20 मुकाबलों का अनुभव है।
- सहवाग अब मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ तथा सौरभ गांगुली के बाद एमसीसी की सदस्यता पाने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं।

**तेलंगाना आरोग्यश्री ट्रस्ट को फिक्की पुरस्कार**

तेलंगाना आरोग्यश्री हेल्थकेयर ट्रस्ट के जीपीएस सक्षम मोबाइल एप्लिकेशन को इस वर्ष का भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग चैम्बर्स महासंघ (फिक्की) की स्वास्थ्य सेवा उत्कृष्टता का पुरस्कार मिला।

- देश में सबसे महत्वपूर्ण मोबाइल एप्लिकेशन के लिए 'एलाइट स्मार्ट हेल्थकेयर कॉन्क्लेव' पुरस्कार के बाद इस् अनुप्रयोग के लिए यह द्वितीय पुरस्कार है।

**ललिता और गागरे को एसजेएएम पुरस्कार**

रियो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली एथलीट ललिता बाबर और महाराष्ट्र राज्य के छठे शतरंज ग्रैंडमास्टर शार्दुल गागरे को इस वर्ष मुंबई खेल पत्रकार संघ के स्वर्ण जयंती वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

अहमदनगर के रहने वाले गागरे को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिलेगा जबकि रियो में स्टीपलचेज स्पर्धा में 10 वें स्थान पर रही ललिता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया जायेगा ।

**साक्षी मलिक को रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मानित करेगी यूपी सरकार**

उत्तर प्रदेश सरकार ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान साक्षी मलिक को रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मान करेगी।

- रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार के तहत साक्षी को 3.11 लाख रुपये की नकद राशि, रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा दी जाएगी।
- 23 साल की साक्षी मलिक ने 58 किलोग्राम कुश्ती वर्ग में कांस्य पदक जीता है।

**सुनीता जैन को व्यास सम्मान**

हिन्दी की प्रख्यात लेखिका डॉक्टर सुनीता जैन को 2008 में प्रकाशित उनके काव्य संग्रह 'क्षमा' के लिए इस बार का व्यास सम्मान दिया गया।

- प. बंगाल के राज्यपाल के एन त्रिपाठी ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया।
- इस पुरस्कार के साथ ढाई लाख रुपये की सम्मान राशि दी जाती है। केके बिरला फाउंडेशन द्वारा वर्ष 1991 से दस वर्ष की प्रकाशन अवधि के दौरान हिन्दी में प्रकाशित उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को व्यास सम्मान दिया जाता है।

**पंडित शिवकुमार शर्मा संगीत मार्तंड उस्ताद चांद खान लाइफटाइफ अचीवमेंट पुरस्कार हेतु चयनित**

संतूर सम्राट पंडित शिवकुमार शर्मा को वार्षिक 'संगीत मार्तंड उस्ताद चांद खान लाइफटाइफ अचीवमेंट पुरस्कार' के लिए चयनित किया गया।

- पुरस्कार में 50,000 रुपये नगद राशि, एक स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।
- भारतीय शास्त्रीय कला के जश्न के तौर पर मनाए जाने वाले इस महोत्सव के 23वें संस्करण का आयोजन दिल्ली में 13 और 14 सितंबर को किया जाएगा।
- पद्म भूषण' से सम्मानित पंडित शिवकुमार शर्मा का जन्म 1938 में जम्मू में हुआ था।

**बीइएल प्रमुख को सर्वोच्च पुरस्कार**

इंडो ग्लोबल बिजनैस काउंसिल (आईजीबीसी) ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के चैयरमेन व एडमी, एस के शर्मा को मोस्ट इंटरप्राइजिंग सीईओ पुरस्कार से सम्मानित किया है।

- बीईएल के कार्यकारी निदेशक एम एम जोशी ने शर्मा की ओर से पुरस्कार ग्रहण किया।

**अनिता गोपालन को पेन/हैम ट्रांसलेसन फंड अनुदान**

अनुवादक और कलाकार अनीता गोपालन को गीत चतुर्वेदी द्वारा लिखित हिन्दी उपन्यास सिमसिम के अंग्रेजी अनुवाद के लिए 2016 पेन/ हैम अनुवाद कोष अनुदान के साथ सम्मानित किया गया है।

- गोपालन ट्रांसलेसन अनुदान के लिए चयनित दूसरी भारतीय है।
- सिमसिम उपन्यास पहले 2008 में प्रकाशित किया गया था। यह समकालीन हिंदी कथा साहित्य को अपने योगदान के लिए जाना जाता है।

**शुभा मुदगल राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार से सम्मानित**

विख्यात उपशास्त्रीय गायिका शुभा मुदगल को 30 जुलाई 2016 को 23वां राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार से सम्मानित करने का घोषणा किया गया।

- कौमी एकता की स्थापना और हिंसा एवं आतंकवाद के खिलाफ उल्लेखनीय योगदान के लिये दिया गया है।
- वे शास्त्रीय संगीत, खयाल, ठुमरी, दादरा और प्रचलित पॉप संगीत गायिका हैं।

**रामचंद्रन ओलंपिक आर्डर से सम्मानित**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष एन रामचंद्रन को ओलंपिक खेलों में उनके योगदान के लिए 'ओलंपिक आर्डर' से सम्मानित किया गया है।

- ओलंपिक आर्डर इन खेलों से जुड़ा सबसे बड़ा सम्मान है जो खेलों में अधिकारी के योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।
- मई 1975 के बाद से यह अवार्ड दिया जा रहा है।

**कमल हासन को 'द नाईट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स' अवार्ड देगी फ्रांस सरकार**

फिल्म अभिनेता और निर्माता कमल हासन को फ्रांस सरकार अपने प्रमुख पुरस्कार से नवाजेगी। उन्हें 'द नाईट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स' से पुरस्कृत किया जायेगा।

- यह पुरस्कार प्रसिद्ध कलाकारों एवं लेखकों के साथ-साथ वैसे लोगों के काम को मान्यता प्रदान करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने फ्रांस और पूरी दुनिया में कला को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान किया है।
- इस पुरस्कार को पाने वाले अन्य अभिनेताओं में दिवंगत तमिल अभिनेता शिवाजी गणेशन, अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्य राय बच्चन, नंदिता दास और शाहरुख खान शामिल रहे हैं।

**मेलबर्न 2016 : 'भारतीय फिल्म महोत्सव' में नवाजुद्दीन, सोनम और फवाद ने जीते शीर्ष सम्मान**

मेलबर्न में 2016 के भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफएम) में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सोनम कपूर ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

- इस वर्ष इस समारोह की थीम 'महिला सशक्तिकरण' है। अंतिम दिन 'एंग्री इंडियन गोडेस' प्रदर्शित की जायेगी।

# खेल

**रियो ओलिंपिक 2016 में जिम्नैस्टिक के वॉल्ट इवेंट के फाइनल में पहुंची दीपा करमाकर**

दीपा करमाकर ने रियो ओलिंपिक के वॉल्ट के फाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। दीपा ने रियो ओलिंपिक की वॉल्ट फाइनल्स स्पर्धा का क्वॉलिफायर राउंड पार करते हुए फाइनल में जगह बना ली है।

- प्रोडूनोवा में दो बार के प्रयास के बाद उन्होंने 14.850 का स्कोर बनाया और फ़ाइनल में जगह बनाई।

- सिमोन बाइल्स ने वॉल्ट में 16.050 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश किया हैं।

**अभिजीत ने जीता राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप का खिताब**

ग्रैंडमास्टर व पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अभिजीत गुप्ता ने राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप खिताब कायम रखा। उन्होने 2015 में भी यह खिताब जीता था।

- यह 20वीं राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप थी व श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित हुई।
- अंतरराष्ट्रीय महिला मास्टर तानिया सचदेव ने भी स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। सीनियर वर्ग के सभी पदक भारतीय खिलाड़ियों ने जीते।
- ग्रैंडमास्टर एसएल नारायणन और दीप चक्रवर्ती को ओपन वर्ग में क्रमश: रजत और कांस्य पदक प्राप्त हुए।

**सिल्वर में बदलेगा योगेश्वर दत्त का कांस्य पदक**

भले ही रियो ओलिंपिक से पहलवान योगेश्वर दत्त देश खाली वापस लौट आए थे, लेकिन उनको खुश होने का मौका मिल गया है। उन्होंने 2012 लंदन ओलिंपिक्स में जो कांस्य पदक जीता था, वह अब रजत पदक यानी सिल्वर मेडल में अपग्रेड होने वाला है।

- दरअसल योगेश्वर दत्त को यह फायदा उनके प्रतिद्वंद्वी रूस के बेसिक कुडुखोव को डोप टेस्ट में फेल होने से मिला है।
- कुडुखोव को टेस्ट में फेल होने से रजत पदक के लिए योगेश्वर दत्त के नाम की घोषणा की जाएगी।

**माइकल फेलेप्स ने 22वां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता**

माइकल फेल्प्स ने रियो ओलंपिक में 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीता। एक इवेंट में लगातार चौथा ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले वे पहले तैराक बन गए हैं।

- इसमें उन्हें एक मिनट 54.66 सेकेंड लगा।
- 200 मीटर की व्यक्तिगत स्पर्धा में जापान के कोसुके हागिनो को रजत पदक और चीन के वांग शुन को कांस्य पदक हासिल हुआ।

**अर्जेंटीना के लिए फिर खेलेंगे मैसी**

अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मैसी ने कहा है कि उन्होंने खेल से संन्यास के अपने फैसले पर पुनर्विचार किया और वे फिर देश के लिए खेलेंगे।

- जून में कोपा अमेरिका फाइनल में चिली से मिली हार के बाद मैसी ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह दिया था।

**भारत अक्टूबर 2016 में कबड्डी विश्वकप की मेजबानी करेगा**

अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी फेडरेशन द्वारा घोषणा की गयी कि वर्ष 2016 का कबड्डी विश्वकप मुकाबला भारत में आयोजित होगा। इसमें विश्व भर की 12 टीमें हिस्सा लेंगी।

- इस विश्वकप में भाग लेने वाले देश हैं - भारत, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, पोलैंड, पाकिस्तान, बांग्लादेश, कोरिया, जापान और केन्या।
- कबड्डी वर्ष 1990 में एशियन खेलों का हिस्सा बना एवं अब तक भारत ने सभी स्वर्ण पदक जीते हैं।

**पटना पाइरेट्स फिर बना प्रो कबड्डी का बादशाह**

पटना पाइरेट्स ने अपनी श्रेष्ठता कायम रखते हुए जयपुर पिंक पैंथर्स को एकतरफा अंदाज में 37-29 से हराकर प्रो कबड्डी लीग के चौथे संस्करण का खिताब जीत लिया।

- पटना इस साल के शुरू में जनवरी को तीसरे संस्करण का खिताब जीता था और अब चौथे संस्करण का खिताब जीतकर प्रो कबड्डी में लगातार दो टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई।

**लुईस हैमिल्टन ने जर्मन ग्रां प्री का खिताब जीता**

लुईस हैमिल्टन ने जर्मन ग्रां प्री फॉर्मूला वन रेस जीत ली। यह 2016 सत्र में उनकी लगातार चौथी जीत और 2016 में कुल पांचवां खिताब है।

- 2016 में इससे पहले, वह मोनाको (मई 2016), कनाडा (जून 2016), ऑस्ट्रिया (जुलाई 2016), ब्रिटिश (जुलाई 2016) और हंगरी (जुलाई 2016) ग्रांड प्रिक्स जीत चुके हैं।
- लुईस हैमिल्टन ब्रिटेन के फार्मूला वन ड्राईवर हैं। वे मर्सडीज़ एएमजी पेट्रोनास के लिए खेलते हैं।

**ओलंपिक खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु वॉल ऑफ़ विशेज़ अभियान आरंभ**

खेल मंत्री विजय गोयल ने नई दिल्ली में इंडिया गेट के लॉन में 'वॉल ऑफ विशेज' का उद्घाटन किया।

- 'वॉल ऑफ विशेज' रियो ओलंपिक में भाग ले रहे खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए ओलंपियन बॉक्सर एम सी मैरी कॉम की उपस्थिति में शुरू किया गया।
- रियो ओलंपिक 5 अगस्त से 21 अगस्त 2016 तक आयोजित होगा।

**हरमनप्रीत कौर डब्ल्यूबीबीएल से जुड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान और स्टार ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलियाई महिला बिग बैश टी20 लीग (डब्ल्यूबीबीएल) से जुड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं।

- 27 वर्षीय ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर ने वर्ष 2016-17 सत्र के लिए डब्ल्यूबीबीएल चैंपियन सिडनी थंडर के साथ करार किया है।

**हरियाणा के एथलीट धर्मवीर भी डोप टेस्ट में फेल**

रियो ओलिंपिक में जाने से पहले धावक धर्मवीर सिंह को नाडा के लिए डोप टेस्ट मे फेल हो गए हैं। धर्मवीर सिंह ने रियो ओलंपिक में 200 मीटर रेस में क्वालिफाई किया था।

- गौरतलब हैं कि, इससे पहले शॉटपुटर इंद्रजीत सिंह और नरसिंह पहले ही डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए थे। हालांकि यादव को बाद में क्लीन चिट मिल गई।

**अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति का फैसला, टोक्यो ओलिंपिक 2020 में शामिल होंगे 5 नए खेल**

अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने 2020 में टोक्यो मे होने वाले ओलिंपिक खेलों के लिए पांच नए खेलों बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, कराटे, स्केटबोर्ड और सर्फिंग को शामिल करने की मंजूरी दी है।

- रियो में जारी आईओसी के 129वें अधिवेशन में यह फैसला लिया गया। पांच नए खेलों के शामिल होने से 18 इवेंट अधिक होंगे।

**स्वर्ण पदक विजेता को 50 लाख रुपए देगा आईओए**

भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) ने रियो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 50 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

- राष्ट्रीय ओलिंपिक संस्था स्वर्ण पदक विजेता को 50 लाख रुपए, रजत पदक विजेता को 30 लाख रुपए और कांस्य पदक विजेता को 20 लाख रुपए का पहली बार नकद पुरस्कार देगी। प्रशिक्षकों को भी इसकी 50 फीसदी राशि मिलेगी।

**रियो ओलिंपिक: साक्षी मलिक ने कांस्य पदक जीता**

साक्षी मलिक ने रियो ओलिंपिक में 58 किग्रा भारवर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक हासिल कर इतिहास रच दिया है।

- साक्षी मलिक ने किर्गिस्तान की पहलवान एसुलू तिनिवेकोवा को 8-5 से हराया।
- इस जीत के साथ ही साक्षी ओलिंपिक मेडल हासिल करने वाली चौथी भारतीय महिला एथलीट हो गई हैं।
- मलिक का जन्म 3 सितंबर 1992 को हरियाणा के रोहतक जिले के मोखरा गांव में हुआ था।

**नरसिंह यादव पर चार साल का प्रतिबंध**

भारतीय पहलवान नरसिंह यादव पर डोपिंग मामले में चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। ये बैन कोर्ट ऑफ़ आरबिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स के ज़रिए लगाया गया है। वर्ल्ड डोपिंग एजेंसी ने यादव को क्लीन चिट दिए जाने के ख़िलाफ़ कोर्ट ऑफ़ आर्बिट्रेशन फार स्पोर्ट्स में अपील की थी।

- प्रतिबंध 18 अगस्त से  माना जाएगा, जिसका अर्थ है वह रियो ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पायेंगे।
- कॉर्ट ने 25 जून 2016 के बाद से नरसिंह द्वारा प्राप्त परिणामों को अयोग्य घोषित कर दिया।

**रोमांचक मुकाबले में सिंधु को रजत**

भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधु ने विश्व चैंपियन के साथ हुए फाइनल में जबर्दस्त खेल के बावजूद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

- रोमांचक मैच में विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलीना मारिन ने सिंधु को 19-21, 21-12, 21-15 से मात दी।

**सानिया ने जीता सिनासिनाटी ओपन खिताब और बनी नंबर-1**

सानिया मिर्जा ने बारबोरा स्ट्राइकोवा के साथ मिलकर हिंगिस और कोको वेडेवेगे की जोड़ी को 7-5, 6-4 से हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का विमेंस डबल्स का खिताब अपने नाम कर लिया है।

- यह इंडो-चेक जोड़ी के लिए पहली खिताबी जीत है।
- इस जीत के साथ सानिया ने रैंकिंग में नंबर एक का दर्जा बरकरार रखा जबकि हिंगिस दूसरे स्थान पर खिसक गई।

**अमेरिका ने अपना 1000वां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता**

संयुक्त राज्य अमेरिका ने रियो ओलंपिक्स में सिमोन मैन्युअल की अगुवाई में महिलाओं की 4x100 मीटर मेडले रिले तैराकी प्रतिस्पर्धा में जीत के साथ ओलंपिक इतिहास में अपना 1000वां स्वर्ण पदक हासिल किया।

- अमेरिका ने पहला स्वर्ण 1896 एथेंस ओलंपिक्स में जीता था।

**सानिया ने कनेक्टीकट ओपन युगल खिताब जीता**

भारत की शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने रोमानिया की मोनिका निकुलेस्कु के साथ कनेक्टीकट ओपन में युगल खिताब अपने नाम किया है.

- भारतीय-रोमानियाई युगल ने मैच 7-5,6-4 से जीता.

इससे 29 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट से पहले उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी.

**सर्वाधिक मैचों में कप्तानी करने वाले कप्तान बने धोनी**

भारतीय कप्तान महेंद्र ङ्क्षसह धोनी वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को अमेरिकी धरती पर हो रहे पहले अंतरराष्ट्रीय ट्वंटी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया के सफलतम पूर्व कप्तान रिकी पोंटिग के 324 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को पीछे छोड़कर अब 325 मैच में कप्तानी के साथ नंबर वन पर पहुंच गए हैं।

- यह कप्तान के रूप में धोनी का 71वां टी-ट्वेंटी मैच था।
- टेस्ट से संन्यास ले चुके धोनी ने 60 टेस्ट में टीम की कमान संभाली है तो वहीं वनडे में 194 मुकाबलों में अब तक कप्तानी कर चुके हैं।

**रोसबर्ग ने बेल्जियम ग्रांड प्रिक्स जीती**

निको रोसबर्ग एक खतरनाक शुरुआत, एक भारी दुर्घटना आदि से पार पाते हुए बेल्जियम ग्रां प्री जीत ली।

- जीत के साथ ही रोसबर्ग टीममेट हैमिल्टन जिनके 9 अंक है, के और करीब आ गये हैं। रेडबुल के डेनियल रिकिआर्डो दूसरे व हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे।
- फोर्स इंडिया के निको हुल्केनबर्ग सत्र में सबसे अच्छा प्रदर्शन करके चौथे, सर्जियो पेरेज पांचवे और फेरारी के सेबेस्टियन वेट्टल छठे, जबकि फर्नांडो अलोंसो सातवें स्थान पर रहे।

**रोनाल्डो यूरोप के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए**

स्पेनिश क्लब रियल मेड्रिड के लिए खेलने वाले पुर्तगाल के कप्तान और स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को यूरोप के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी को दिए जाने वाले अवार्ड 'यूईएफए बेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर' का विजेता घोषित किया गया। उन्होनें गैरेथ बेल और एंटोइने ग्रीजमैन को पीछे छोडा।

- रोनाल्डो के 48 मैचों में 51 गोल के बल पर रियल मेड्रिड 2015-16 सत्र में जहां चैम्पियंस लीग खिताब जीतने में सफल रहा, वहीं ला-लीगा में उप-विजेता रही।
- रोनाल्डो के नेतृत्व में पुर्तगाल ने पहली बार यूरो कप-2016 हासिल भी किया।

**दीपिका पल्लीकल ने जीता आस्ट्रेलियन ओपन खिताब**

भारत की शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल ने फाइनल मुकाबले में आठवी वरीयता प्राप्त मिस्र की मायार हैनी को 10-12, 11-5, 11-6, 11-4 से हराकर पीएसए आस्ट्रेलियन ओपन खिताब अपने नाम कर लिया।

- विशेष रूप से, फरवरी 2015 के बाद से यह उनका पहला प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) खिताब है।
- पल्लीकल रैंकिंग तालिका में 10 वें पर है और यह दीपिका का 11 वां पीएसए खिताब है।

# निधन

**अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल नहीं रहे**

अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल का घर में शव लटका हुआ मिला। वह अभी सीएम आवास में ही रह रहे थे और यहीं उन्होंने फांसी लगाकर ख़ुदकुशी कर ली।

- कलिखो पुल साढ़े चार महीने तक अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। उन्होंने फरवरी 2016 से जुलाई 2016 तक मुख्यमंत्री पद की कमान संभाली।

**पूर्व ऑस्ट्रेलियन सर्फिंग चैंपियन बर्नार्ड फर्रेली का निधन**

ऑस्ट्रेलियन सर्फिंग चैंपियन बर्नार्ड फर्रेली का निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। उन्हें उनके कद के कारण मिडगेट फर्रेली के नाम से भी जाना जाता है।

- उन्होंने 1964 में सिडनी स्थित मेनली बीच पर खेला गया पहला विश्व चैंपियनशिप ख़िताब जीता था।
- फर्रेली को 1985 में स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया गया। वर्ष 2007 में उन्हें कैलिफ़ोर्निया हंटिगटन बीच पर सर्फिंग वॉक ऑफ़ फेम में शामिल किया गया।

**दिल्ली विधानसभा के पहले अध्यक्ष चरतीलाल गोयल का निधन**

दिल्ली विधानसभा के पहले अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के पिता चरतीलाल गोयल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।

- उन्होंने सुबह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। वह 89 वर्ष के थे।

**जानेमाने पंजाबी लेखक गुरदयाल सिंह का निधन**

जानेमाने पंजाबी लेखक और उपन्यासकार गुरदयाल सिंह का पंजाब के बठिंडा में निधन हो गया। सिंह 83 वर्ष के थे।

- उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में 1964 में प्रकाशित मढ़ी दा दीवा शामिल है।
- वह अमृता प्रीतम के बाद ज्ञानपीठ पाने वाले दूसरे पंजाबी लेखक थे।
- उन्होनें अनहोई, अद्ध चानणी रात, अन्ने घोड़े दा दानपारसा सहित करीब 10 उपन्यास लिखे।

**फीफा के पूर्व अध्यक्ष जोआओ हावेलांगे का निधन**

अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल संघ (फीफा) के पूर्व अध्यक्ष जोआओ हेवालांगे का 16 अगस्त 2016 को रियो डी जेनेरियो (ब्राज़ील) में निधन हो गया। वे 100 वर्ष के थे।

- वे 1974 से 1998 तक सातवें फीफा अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे।

**स्क्रिप्ट राइटर टीए रजाक का निधन**

स्क्रिप्ट राइटर टीए रजाक का कोच्चि के एक निजी अस्पताल में 58 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

- रजाक का फिल्म कैरियर, 1980 के दशक में शुरू हुआ जब उन्होंने फिल्म ध्वनि में एक सहायक निर्देशक के रूप में काम शुरू किया।

**प्रसिद्ध निर्देशक आर्थर हिलर का निधन**

बहुमुखी प्रतिभा के धनी व 'लव स्टोरी' के लिये ऑस्कर नामित कनाडा के फिल्म निर्देशक आर्थर हिलर का निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे।

- उन्होंने लाईव टीवी के दौर में अपने कौशल व बहुमुखी प्रतिभा के दम पर नाटककार के तौर पर भी सफलतापूर्वक काम किया।

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर रहे सुब्रत बनर्जी का निधन**

पूर्व भारतीय अंतराष्ट्रीय अंपायर सुब्रतो बैनर्जी का कल कोलकाता में 71 साल की उम्र में निधन हो गया।

- सुब्रतो बैनर्जी ने 15 साल के कैरियर 13 वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की थी।
- वे 64 प्रथम श्रेणी मैचों में अंपायर बने। 2001 में भारत और इंग्लैंड के बीच मोहाली में खेले गये टेस्ट मैच में वे तीसरे अंपायर बने थे।

**नहीं रहे प्रख्यात अश्वेत पत्रकार और प्रकाशक जॉर्ज करी**

पत्रकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता और प्रकाशक जॉर्ज ई करी का निधन हो गया है। उनका स्तंभ पूरे अमेरिका में अश्वेत लोगों के स्वामित्व वाली सैकड़ों अखबारों में प्रकाशित होता था। वह 69 वर्ष के थे।

- करी का स्तंभ अफ्रीकी-अमेरिकी लोगों के स्वामित्व वाली 200 से अधिक अखबारों में प्रकाशित होता था और उन्होंने दो कार्यकालों तक अश्वेत समाचार पत्रों की एक संवाद समिति नेशनल न्यूजपेपर पब्लिशर्स एसोसिएशन के प्रधान संपादक के रूप में कार्य किया।

- वह 1990 के दशक में इमर्ज पत्रिका के प्रधान संपादक भी रहे और पिछले कुछ वर्षों में वह इमर्ज को डिजिटल पत्रिका के रूप में फिर से शुरू करने के लिए धन जुटा रहे थे। यह पत्रिका अश्वेत लोगों के साथ होने वाले नस्ली अन्याय और उनसे जुड़े अन्य मुद्दों को उठाती रही है।
- वह पहले अफ्रीकी-अमेरिकी थे जिन्हें अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैग्जीन एडिटर्स का अध्यक्ष चुना गया था।

**योगगुरु टीकेवी डेसीकाचर का निधन**

प्रसिद्ध योगगुरु टीकेवी डेसीकाचर का 8 अगस्त 2016 को चेन्नई में निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे।

- उन्हें योगाभ्यास को स्वास्थ्य लाभ एवं थेरेपी बनाने का श्रेय जाता है।
- वर्ष 1976 में उन्होंने कृष्णमचार्य योगा मंदिरम की स्थापना की जिसमें 1000 से अधिक छात्र पढ़ते हैं।

**मशहूर लेखक, निर्माता पंजू अरुणाचलम का निधन**

जाने-माने तमिल लेखक और निर्माता पंजू अरुणाचलम ने संक्षिप्त बीमारी के बाद अपने जीवन की अंतिम सांस ली। वह 75 वर्ष के थे।

- उनका जन्म 18 जून 1941 को तमिलनाडु के सिरुकुडालपट्टी, कराइकुडी नामक स्थान पर हुआ था।
- 'मुरत्तुकालै', 'सकलकला वल्लवन' और 'अपूर्वा सगोधरगल' जैसी फिल्मों सहित उन्हें 100 से अधिक तमिल फिल्मों के लिए पहचाना जाता है।
- उन्होंने 'काजुगु', 'पोक्किरी राजा' और 'पायुम पूली' सहित 23 फिल्मों में रजनीकांत के साथ काम किया।

**पाकिस्तान के 'लिटिल मास्टर' हनीफ मोहम्मद का 81 वर्ष की आयु में निधन**

पाकिस्तान के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हनीफ मोहम्मद का निधन हो गया। 81 साल के हनीफ ब्लड कैंसर से जूझ रहे थे। तबीयत खराब होने के बाद से वह वेंटिलेटर पर थे।

- 21 दिसम्बर 1934 को जन्मे पाकिस्तान के 'लिटल मास्टर' कहे जाने वाले हनीफ ने 1952 से 1969 के बीच 55 टेस्ट मैच खेले थे। इसमें उनका औसत 43.98 था और उन्होंने 12 शतक लगाए थे।
- उनकी वेस्ट इंडीज के खिलाफ 16 घंटे लंबी 337 रनों की पारी से पाकिस्तान की हार बच सकी थी। यह टेस्ट के इतिहास की सबसे लंबी पारी है और 40 सालों तक फर्स्ट क्लास क्रिकेट की भी सबसे लंबी पारी रही।

**प्रसिद्ध गीतकार ना मुथुकुमार का निधन**

देश की फिल्मों में दिए जाने वाले अपने हिट गानों के लिए मशहूर गीतकार ना मुथुकुमार का निधन हो गया।

- मुथुकुमार 41 साल के थे और पिछले कुछ वक़्त से पीलिया से पीड़ित थे। वे दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता थे।

- मुथु 1000 से भी ज़्यादा फिल्मों में अपने गीत दे चुके थे। अकेले 2012 में ही उन्होनें 102 फिल्मों में गीत लिखे।

**अक्षरधाम मंदिर शृंखला के संस्थापक स्वामी का निधन**

दुनियाभर में अक्षरधाम मंदिर शृंखला शुरू करने वाले बोचासणवासी अक्षर पुरुषोत्तम संस्थान(बीएपीएस) के प्रमुख स्वामी शांतिलाल पटेल सारंगपुर में लंबी बिमारी के बाद निधन हो गया। वे 95 साल के थे।

- स्वामी बोचासणवासी अक्षर पुरुषोत्तम संस्थान के संस्थापक थे और पूरी दुनिया में पांच दशकों में करीब 3000 अक्षरधाम मंदिर बनवाये थे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम उनके अनुयायियों में से थे।
- कलाम ने राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान "स्प्रिचुअल एक्सपीरियंसेज विथ प्रमुख स्वामी" नामक एक पुस्तक लिखी थी।

**नोबेल विजेता जिवेल का निधन**

मिस्त्र-अमेरिकी रसायनशास्त्री और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अहमद जिवेल का अमेरिका में निधन हो गया। वह 70 साल के थे। जिवेल अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के विज्ञान और प्रौद्योगिकी सलाहकार भी थे। साथ ही वह पश्चिम एशिया में पहले अमेरिकी वैज्ञानिक राजदूत थे।

- जिवेल कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान (कैलटेक) के भी सदस्य रहे। 1999 में जेवेल को रसायन शास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- जिवेल का जन्म काहिरा में हुआ था। उन्होंने एलेक्जेंडरिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की जिसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका चले गए। वहां फिलाडेल्फिया में पेनिसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी से उन्होंने डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की।

**साहित्यकार माहिम बोरा का निधन**

प्रख्यात असमिया साहित्यकार माहिम बोरा का वृद्धावस्था से जुड़ी समस्याओं के चलते निधन हो गया। वह 92 साल के थे।

- बोरा पद्मश्री और साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित थे।
- बोरा की रचनाओं में कथानीबारी घाट, बोहुभुजी त्रिभुज, मच अरु मनुह, टॉप और तिनिर तिनी गोल आदि शामिल हैं

**मशहूर तमिल फिल्म निर्देशक वियतनाम वीडू सुंदरम नहीं रहे**

मशहूर निर्देशक-पटकथा लेखक 'वियतनाम वीडू' सुंदरम का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 76 साल के थे।

- सुंदरम को ‘वियतनाम वीडू’ नामक यह उपाधि तब मिली जब उन्होंने फिल्म ‘वियतनाम वीडू’ की पटकथा लिखी। इस फिल्म में महान अभिनेता शिवाजी गणेशन थे।

# पुस्तकें

### ‘हैरी पॉटर एंड द कर्स्ड चाइल्ड’ पुस्तक रिलीज

हैरी पॉटर एंड द कर्स्ड चाइल्ड नामक प्ले पर आधारित इसी नाम की पुस्तक विश्वभर में रिलीज हो गई है।

- यह जेके रौलिंग की हैरी पॉटर आधारित आठवीं कहानी है।
- यह कहानी 2007 में प्रदर्शित ‘हैरी पॉटर एंड द डेथली हैलोज’ के नौ साल बाद जारी हुई है।

### चैतन्य पादुकोण द्वारा लिखित पुस्तक 'आर डी बर्मनिया: पंचमेमोयर्स' का लोकार्पण

चैतन्य पादुकोण द्वारा लिखित पुस्तक आर डी बर्मनिया: पंचमेमोयर्स का लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक महान संगीतकार राहुल देव बर्मन के जीवन पर प्रकाश डालती है।

- इसमें कहा गया है कि बर्मन इस प्रकार के संगीत को ज्यादा पसंद नहीं करते थे जो डिस्को अथवा पब में सुनाई पड़ता है।
- इस पुस्तक में उनके जीवन की विभिन्न घटनाओं, उदाहरणों, चर्चाओं एवं चित्रों का संग्रह है जिससे यह पुस्तक आर डी बर्मन के प्रशंसकों के बीच प्रसिद्ध हो सकती है।
- इसके अतिरिक्त पुस्तक में पंचम दा को भी विभिन्न संस्मरणों द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी है जिसमे अमिताभ बच्चन, लता मंगेशकर, आशा भोंसले, ऋषि कपूर, ए आर रहमान, जीनत अमान, संजय लीला भंसाली, हरिहरन, सोनू निगम, शेखर कपूर, महेश भट्ट, बाबुल सुप्रियो, सुनिल गावस्कर, हेमा मालिनी, राजेश खन्ना आदि द्वारा साझा की गयी जानकारी शामिल है।

### राष्ट्रपति को ‘ग्रासरुट्स इनोवेशन’ पुस्तक भेंट

राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति भवन में आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर अनिल के. गुप्ता की लिखी पुस्तक ‘ग्रास्रुट्स इनोवेशन’ भेंट की गई। प्रोफेसर गुप्ता राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन के उपाध्यक्ष भी हैं।

- राष्ट्रपति ने प्रोफेसर अनिल के.गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लोगों की सृजन और नवाचार क्षमता के बारे में किया गया कार्य प्रशंसनीय है।
- उन्होंने कहा कि डाक्टर गुप्ता की पुस्तक असाधारण पुरुषों और महिलाओं की कहानी प्रस्तुत करती है। ऐसे पुरुष और महिलाओं की कहानी जो समाज के आर्थिक विकास और प्रगति के लिए चुपचाप नवाचारी योगदान कर रहे हैं।